# पं. पृथी नाथ (पी.जी.) कालेज

Est. 1959

NAAC — ACCREDITED WITH GRADE B++

96/12, महात्मा गांधी मार्ग, कानपुर

फैक्स/फोन : 8707538344


ppncollegekanpur@gmail.com

www.ppncollege.org

# विवरण पत्रिका


## 2025-26

महाविद्यालय के प्रेरणास्रोत




पं0 पृथी नाथ चक
(1858 – 1910)

# हमारे प्रेरणास्रोत



**यशःकाय सुप्रसिद्ध शिक्षाविद्**
**एवं विधिवेत्ता श्री देवेन्द्र स्वरुप जी**
**(1913 – 1995)**

# हमारे मार्गदर्शक



## आदरणीय श्री योगेन्द्र स्वरूप जी

*अध्यक्ष, पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज, प्रबंधसमिति*

## दृष्टिकोण

*विद्यार्थियों को उनकी वांछित आजीविका के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करके सशक्त बनाना, साथ ही समाज में सार्थक योगदान देने की उनकी क्षमता को प्रवर्धित करना ।*

## लक्ष्य

- शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए कॉलेज को उच्च शिक्षा के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित करना।
- महिलाओं और अल्पसंख्यकों सहित सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करना।
- छात्रों में आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल का पोषण करना , उन्हें लगातार विकसित हो रही दुनिया में सफलता के लिए तैयार करना।
- छात्रों में सहानुभूति, पर्यावरणीय चेतना और नैतिक मूल्यों को विकसित करना , जिम्मेदार वैश्विक नागरिकों के रूप में उनके समग्र विकास को बढ़ावा देना।
- समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हुए छात्रों को अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करना।
- पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना।

# अनुक्रमणिका


1 संक्षिप्त परिचय

2 प्राचार्य पुरोवाक्

3 महाविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षक

4 संचालित पाठ्यक्रम

5 स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम–द्वितीय सेमेस्टर) हेतु अर्हता, प्रवेश निर्देश एव विषय चयन प्रारूप

6 स्नातक द्वितीय वर्ष (तृतीय–चतुर्थ सेमेस्टर) हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

7 स्नातक तृतीय वर्ष (पंचम–षष्टम सेमेस्टर) हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

8 परास्नातक पूर्वार्द्ध (सेमेस्टर) प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एव प्रक्रिया

9 परास्नातक उत्तरार्द्ध (सेमेस्टर) प्रवेश निर्देश

10 स्नातक तृतीय वर्ष (वार्षिक) एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध (वार्षिक) प्रवेश निर्देश

11 स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्देश

12 महत्वपूर्ण प्रवेश अनुदेश

13 महाविद्यालय सुविधाएं एवं विशेषताएं

14 महाविद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियॉं

15 शुल्क विवरण

16 प्रवेश समितियॉं एवं प्रमुख तिथियॉं

17 सम्पर्क सूत्र

# पं0 पृथी नाथ महाविद्यालय, कानपुर

## संक्षिप्त परिचय

प्रसिद्ध अधिवक्ता, समाजसेवी एवं शिक्षाशास्त्री स्वर्गीय देवेन्द्र स्वरूप जी (1912–1995) द्वारा वर्ष 1959 में स्थापित एवं वर्तमान में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध, पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली अग्रणी संस्थाओं में से एक है। महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबन्धन के 20 स्नातक एवं 13 परास्नातक विषयों में छात्र–छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा व्यावसायिक विषयों को भी संचालित करने की मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय अपने उद्भव काल से ही देश के मानचित्र पर शिक्षण एवं शोध में अपना विशिष्ट स्थान बनाये हुये है। अनेक गणमान्य विभूतियों जैसे, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री के0 एन0 वॉचू, पी0 एन0 भगवती, पूर्व केन्द्रीय कानून मंत्री माननीय श्री अशोक सेन एवं माननीय विष्णुकान्त शास्त्री पूर्व राज्यपाल, उ0प्र0, ने महाविद्यालय का अवलोकन कर यहाँ की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों तथा अनुशासित वातावरण की प्रशंसा की है।

महाविद्यालय से अध्ययन कर अनेक विद्यार्थी आई0आई0टी0, बी0ए0आर0सी0, टी0आई0एफ0आर0, इसरों एवं उच्च शिक्षा में अपने परिश्रम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं एवं महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त किये अनेकानेक छात्र–छात्राएं देश एवं विदेश में अनेकों प्रशासनिक कार्यों, शैक्षिक कार्यों, शोध प्रयोगशालाओं में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

वर्तमान में महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों में सुयोग्य शिक्षकों के निर्देशन में लगभग 100 शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में यू0जी0सी0, सी0एस0आई0आर0, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से अनेकों प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक संचालित किये जा रहे हैं।

वर्तमान में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के *अध्यक्ष* तथा *सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन,* बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, श्री योगेन्द्र स्वरूप जी एवं उनके सुपुत्र श्री शिवेन्द्र स्वरूप जी के अनुभवी दिशा निर्देशन एवं परामर्श से महाविद्यालय में, समय एवं छात्रों की माँग के अनुरुप रोजगारपरक बी.बी.ए., बी.सी.ए. पाठ्यक्रम एवं डी.एलएड. संचालित है, जिससे छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वर्तमान परिवेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित प्रावधानों को लागू करने हेतु महाविद्यालय कृत संकल्पित है। दिनांक 16–17 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा निरीक्षण के उपरान्त महाविद्यालय को B++ ग्रेड दिया जाना वर्तमान में भी इसकी उत्कृष्टता को प्रमाणित करता है।




प्राचार्य

**प्रो0 अनूप कुमार सिंह**

**पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज,** कानपुर


# पुरोवाक्

हमारा महाविद्यालय **''तमसो मा ज्योर्तिगमय''** के ध्येय वाक्य पर विद्यार्थियों को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों से सिंचित और पोषित करता है। हम विद्यार्थियों को धैर्यवान एवं संवेदनशील नागरिक बनाने के साथ साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन की दिशा में भी उन्मुख करते हैं। शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार मुख्य विषयों के साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रम एवं सह–पाठ्यक्रम को संचालित करते हुए हम छात्र/छात्राओं को प्रगतिशील मानव समाज में सकारात्मक योगदान के लिए तैयार करते हैं। विद्यार्थिंयों में उत्कृष्टता को अन्तर्निविष्ट करने हेतु महाविद्यालय निरन्तर नवाचार में संलग्न है।

मुझे आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि संस्थान में नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का ज्ञानवर्धन के साथ ही व्यक्तित्व विकास भी होगा। आपके उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय परिवार की ओर से आपको अनेंकों शुभकामनायें।

धन्यवाद।

# महाविद्यालय प्रशासन

| प्राचार्य | प्रो0 अनूप कुमार सिंह |
|---|---|
| मुख्य अनुशासक | प्रो0 धनंजय सिंह |
| अधिष्ठाता छात्र कल्याण; छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ | श्री बादल वासुदेव विस्वास |
| प्रवेश प्रभारी ; परीक्षा शिकायत निवारण प्रकोष्ठ | प्रो0 धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय |
| समन्वयक, आन्तरिक गुणवत्ता प्रत्यायन प्रकोष्ठ; हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर | प्रो0 आभा सिंह |
| प्रभारी, नैक ; परामर्श एवं नियोजन प्रकोष्ठ; आई0सी0सी0–पी.ओ.एस.एच. | प्रो0 सुमन सिंह |
| प्रभारी, एण्टीरैगिंग सेल | श्री विमल जायसवाल |
| प्रभारी, एन0सी0सी0 | डॉ0 दिनेश कुमार यादव |
| प्रभारी, एन0एस0एस0 | डॉ0 कुं महेन्द्र प्रताप सिंह |
| प्रभारी, क्रीड़ा | प्रो0 सुशील कुमार शुक्ला |
| नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति | प्रो0 सुहेल रजा |
| समन्वयक, ए.आई.एस.एच.ई. | प्रो0 सतीश चन्द्र |
| प्रभारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ | डॉ0 अनीता राय |
| प्रभारी, रोवर्स | श्री अनिल कुमार सिंह |
| प्रभारी, रेन्जर्स | डॉ0 साक्षी राय |
| पुस्तकालयाध्यक्ष | डॉ0 डी0के0 सक्सेना |
| लेखाकार | श्री राजेन्द्र कुमार कुरील |
| कार्यालय अधीक्षक | श्री आर0 आर0 पाठक |
| सहायक कार्यालय अधीक्षक | श्री सुरेश कुमार तिवारी |

# महाविद्यालय शिक्षक

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **कला संकाय** | |
| **अर्थशास्त्र विभाग** | |
| डॉ0 वंदना द्विवेदी | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 विवेक सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 अलका अस्थाना | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री ललित कुमार मौर्य | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **अंग्रेजी विभाग** | |
| डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 सुमन सिंह | प्रोफेसर |
| डॉ0 चंचल शर्मा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 राम नरेश पटेल | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **इतिहास** | |
| श्री राजदीप मिश्र | असिस्टेण्ट प्रोफेसर (अतिथि शिक्षक) |
| **भूगोल** | |
| डॉ0 आरती विश्नोई | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 कासिफ इमदाद | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 रिचा त्रिपाठी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 आभा शुक्ला | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **मनोविज्ञान** | |
| डॉ0 आभा सिंह | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 रश्मि मिश्रा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 रिजवाना नवाब | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 मनु चौहान | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **राजनीति विज्ञान** | |
| डॉ0 राजेश कुमार | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 अनुज कुमार मिश्र | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन** | |
| डॉ0 डी0सी0 कटियार | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 ए0के0 सिंह | प्रोफेसर |
| **शारीरिक शिक्षा** | |
| डॉ0 सुशील कुमार शुक्ला | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 सुहेल रजा | प्रोफेसर |
| **संस्कृत** | |
| डॉ0 मीना गुप्ता | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **समाजशास्त्र** | |
| डॉ0 टी0बी0सिंह | प्रोफेसर (अवकाश पर) |
| डॉ0 कृष्ण कुमार | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 कुंवर महेन्द्र प्रताप सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **हिन्दी** | |
| डॉ0 निधि कश्यप | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 मधुरबाला यादव | प्रोफेसर |
| डॉ0 अनूप कुमार सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 दिनेश कुमार यादव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **विज्ञान संकाय** | |
| **गणित** | |
| डॉ0 शिखा सिंह | प्रोफेसर (अवकाश पर) |
| डॉ0 मनिन्दर सिंह अरोड़ा | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 सुनील कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 कीर्ति चौहान | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 तरन्नुम सिद्दीकी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्रीमती बिन्दू | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **सांख्यिकी** | |
| श्री विमल कुमार जायसवाल | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 साक्षी राय | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **भौतिक विज्ञान** | |
| डॉ0 सतीष चन्द्रा | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय | प्रोफेसर |
| श्री ऋषभ गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **रसायन विज्ञान** | |
| डॉ0 निधी श्रीवास्तव | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 धनंजय सिंह | प्रोफेसर |
| डॉ0 मोनल सिंह | प्रोफेसर |
| डॉ0 अनीता राय | एसोसिएट प्रोफेसर |
| डॉ0 सुधा अग्रवाल | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 यशवीर गौतम | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री रोहित कुमार मौर्य | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 अनूप कुमार गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| वनस्पति विज्ञान | |
| डॉ0 अलका रानी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| श्री अनिल कुमार सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 विनोद कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |

| शिक्षक नाम | पद |
|---|---|
| **जन्तु विज्ञान** | |
| श्री बादल वासुदेव विस्वास | एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| डॉ0 रेनू गोयल | प्रोफेसर |
| डॉ0 सत्य प्रकाश श्रीवास्तव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 नीरज वर्मा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| डॉ0 अवधेश कुमार गुप्ता | प्रोफेसर एवं विभाग प्रभारी |
| श्री आर0के0 त्रिवेदी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| कु0 श्रृष्टि कटियार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |

| स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम | |
|---|---|
| **प्रो0 बी0 डी0 पाण्डेय–समन्वयक** | |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| डॉ0 अंकित गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 संजीव कुमार तिवारी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 अलका त्रिपाठी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री विवेक कुमार | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| सुश्री अनुजा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **जन्तु विज्ञान** | |
| डॉ0 संध्या पाण्डेय | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 दिव्या मिश्रा | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| **बी0बी0ए0** | |
| डॉ0 लवलेश कुमार श्रीवास्तव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 पूजा विद्यार्थी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| डॉ0 विवस्वान सिंह | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री एस. बाला जी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर (अंशकालिक) |
| **बी0सी0ए0** | |
| श्री आदर्श गुप्ता | असिस्टेण्ट प्रोफेसर |
| श्री विशाल श्रीवास्तव | असिस्टेण्ट प्रोफेसर (अंशकालिक) |
| सुश्री समरीन कमर जाफरी | असिस्टेण्ट प्रोफेसर (अंशकालिक) |
| सुश्री इकरा रियाज | असिस्टेण्ट प्रोफेसर (अंशकालिक) |
| सुश्री अंजली याज्ञिक | असिस्टेण्ट प्रोफेसर (अतिथि) |
| **डी0एल0एड0** | |
| डॉ0 प्रवीना अवस्थी | विभाग प्रभारी |
| डॉ0 अपूर्व तिवारी | प्रवक्ता |
| श्री सचिन कटियार | प्रवक्ता |
| श्री अजय कुमार नागवंशी | प्रवक्ता |

# संचालित पाठ्यक्रम

महाविद्यालय द्वारा यू0जी0सी0 एवं शासन की अवधारणा के अनुरूप वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित रूप में निम्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाते है।

| वित्तपोषित पाठ्यक्रम | |
|---|---|
| **स्नातक** | **परास्नातक** |
| **बी0ए0**<br>1. ***भाषा संकाय–*** अंग्रेजी, हिन्दी एवं संस्कृत<br>2. ***कला, मानविकी, सामाजिक विज्ञान संकाय*** – अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन, मनोविज्ञान, इतिहास एवं शारीरिक शिक्षा | **एम0ए0**<br>हिन्दी, अंग्रेजी, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन, समाजशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान एवं अर्थशास्त्र |
| **बी0एससी0**<br>गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान | **एम0एससी0**<br>गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान |
| **बी0कॉम0** – वाणिज्य | |
| **स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम** | |
| **बी0कॉम0** (केवल छात्रा) | **एम0 कॉम0** – वाणिज्य |
| **बी0बी0ए0** (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) | **एम0 एससी0** – जन्तु विज्ञान |
| **बी0सी0ए0** (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) | |
| **शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम डी0 एलएड0 (बी0टी0सी0)** | |

शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार सत्र 2025–.26 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश FYUP के नियमों के अधीन है जबकि अन्य सभी पाठ्यक्रम नयी शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत सेमेस्टर प्रणाली से आच्छादित है। **वित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन एवं प्रवेश प्रक्रिया ऑन लाइन माध्यम** से संचालित होगी। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन, महाविद्यालय के आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के आलोक में किया जा सकता है।

**स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश आफलाइन माध्यम** से किये जाते हैं। स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं अलग से प्रवेश फार्म एवं विवरणिका महाविद्यालय के प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेन्स विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

**Department of Professional & Self Financed Courses**

| | |
|---|---|
| स्ववित्तपोषित(कार्यालय) | 7755003400 |
| बी0काम0–छात्रा | 7668436748 |
| बी0सी0ए0 | 8887614459 |
| बी0बी0ए0 | 7839688036 |
| एम0एससी0–जन्तुविज्ञान | 8707620897 |
| एम0काम0 | 9389411159 |

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के **प्रथम वर्ष में प्रवेशित** सभी अभ्यर्थियों को महाविद्यालय द्वारा दिये गये लॉगिन एवं पासवर्ड का प्रयोग करके **प्रवेश पोर्टल पर व्यक्तिगत, शैक्षणिक विवरण को भरना तथा विषय का चयन करना अनिवार्य** होगा। साथ ही आनलाइन फार्म एवं सब्जेक्ट कार्ड के प्रिंट को महाविद्यालय में जमा करना तथा सत्यापित प्रति प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

**वित्तपोषित अथवा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (बीबीए एवं बीसीए के अतिरिक्त) के स्नातक द्वितीय वर्ष, स्नातक तृतीय वर्ष एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश पूर्णतः आनलाइन प्रक्रिया से किये जायेंगे।** इस हेतु विद्यार्थी महाविद्यालय वेबसाइट के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के आलोक में फार्म भरकर विषय चयन एवं शुल्क भुगतान के पश्चात प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु विगत वर्ष में पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज का छात्र होना अनिवार्य है।

**बीबीए एवं बीसीए द्वितीय एवं स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश आफलाइन माध्यम से होगा परन्तु प्रवेश पश्चात के विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा दिये गये लागिन एवं पासवर्ड का प्रयोग करके प्रवेश पोर्टल पर व्यक्तिगत, शैक्षणिक विवरण को भरना तथा विषय का चयन करना अनिवार्य होगा। साथ ही आनलाइन फार्म एवं सब्जेक्ट कार्ड के प्रिंट को महाविद्यालय में जमा करना तथा सत्यापित प्रति प्राप्त करना आवश्यक होगा।** इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु विगत वर्ष में पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज का छात्र होना अनिवार्य है।

**स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में** वाह्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आदेश के अनुक्रम में ही प्रवेश अनुमन्य है।

# स्नातक प्रथम वर्ष (प्रथम–द्वितीय सेमेस्टर) हेतु अर्हता, प्रवेश निर्देश एवं विषय चयन प्रारूप

## प्रवेश अर्हता

1 इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से 2025 में उत्तीर्ण होना।

2 अधिकतम दो वर्ष का अकादमिक गैप आवश्यक साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य।

3 प्रति गैप वर्ष के लिए प्राप्तांक में 1% अंक की कमी के साथ मेरिट कट आफ के अन्तर्गत होने पर प्रवेश अनुमन्य।

4 बी. एससी. गणित समूह में प्रवेश हेतु कक्षा–12 में गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य।

5 बी. एससी. बायो समूह में प्रवेश हेतु कक्षा–12 में जीव विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य।

6 बी. कॉम. में प्रवेश हेतु कक्षा–12 में वाणिज्य/गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य।

## प्रवेश प्रक्रिया

1 अभ्यर्थी को स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रु 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के आलोक में आवेदन करना होगा।

2 अभ्यर्थी के 10+2 के अंक–प्रतिशत (सभी विषयों के अंक योग का प्रतिशत), निर्गत मेरिट–कटआफ के अन्तर्गत आने की स्थिति में, अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि एवं समय पर संलग्नकों का भौतिक सत्यापन कराना होगा।

3 भौतिक सत्यापन हेतु अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेज *(वि0वि0 समर्थ पंजीकरण से सम्बन्धित प्रपत्र, हाईस्कूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र, इण्टरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाणपत्र, टी.सी., सी.सी., ए.बी.सी.–आई.डी. (अपार–आई.डी.), जाति प्रमाणपत्र एवं ई.डब्लू.एस. प्रमाण पत्र/ डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र / स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र / दिव्यांग प्रमाण पत्र / खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, 2–रंगीन*

*पासपोर्ट फोटो साइज इत्यादि)* लेकर आयेंगे। साथ ही आवेदन का प्रिंटआउट एवं सभी आवश्यक मूल–दस्तावेजों की एक फोटोकापी अनिवार्य रुप से लेकर आयेंगे।

4 टी.सी. एवं सी.सी. की मूल प्रति न होने पर, प्राचार्य की अनुमति से अस्थायी प्रवेश शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। प्रवेश समिति द्वारा दिये गये समयअन्तराल में यदि विद्यार्थी द्वारा टी.सी. एवं सी.सी. की मूल प्रति महाविद्यालय कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा और किसी प्रकार का दावा अनुमन्य नहीं होगा।

5 वर्ष अन्तराल या टी.सी. एवं सी.सी. की मूल प्रति न होने पर, अभ्यर्थी को उपयुक्त साक्ष्यों के साथ शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा।

6 भौतिक सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को विषय चुनाव और शुल्क के भुगतान हेतु एस.एम.एस. अथवा ईमेल प्राप्त होगा।

7 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए अभ्यर्थी द्वारा विषय चयन व शुल्क भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। शुल्क रसीद एवं सब्जेक्ट कार्ड की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## प्रवेश हेतु मुख्य निर्देश

- किसी भी दशा में दिये गये दिन के मेरिट–कटआफ के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।
- सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत वैध जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ही दावा किये गये आरक्षण श्रेणी का लाभ अनुमन्य होगा एवं अभ्यर्थी को आवेदित आरक्षण श्रेणी की सीटों के सापेक्ष ही प्रवेश अनुमन्य होगा।
- उत्तर प्रदेश के मूल निवासी होने पर ही अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों को ही आरक्षण का लाभ देय होगा तथा अन्य प्रदेशों के अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जायेंगें।

- यूपीएचसी (उत्तरप्रदेश दिव्यांगजन या विकलांग), यूपीएफएफ (यूपी के स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित. पुत्र/पुत्री/पौत्र) एवं यूपीएएफ (उत्तरप्रदेश में तैनात रक्षा कर्मियों या उत्तरप्रदेश के सेवनिवृत्त / शहीद हुए / अक्षम हो गये रक्षा कर्मियों के पुत्र/पुत्री) के आवेदकों को उत्तरप्रदेश क्षैतिज आरक्षण नियमावली के संगत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पत्र पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा।
- ***यूपीएचसी/यूपीएएफ/यूपीएफएफ के आवेदकों पर कटआफ लागू नहीं होगा परन्तु इनके प्रवेश में आरक्षण का लाभ दिनांक 31 मई 2025 तक ही अन्तिम रूप से आवेदित आवेदनों पर ही अनुमन्य होगा।***
- **ई.डब्ल्यू.एस.** (आर्थिक रुप से कमजोर श्रेणी) के आवेदकों को उत्तरप्रदेश उर्ध्वाधर आरक्षण नियमावली के संगत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष उपयुक्त प्रमाण पत्र पर ही प्रवेश अनुमन्य होगा। *इन* ***आवेदकों पर भी कटआफ लागू नहीं होगा परन्तु इनके प्रवेश में आरक्षण का लाभ दिनांक 31 मई 2025 तक अन्तिम रूप से आवेदित आवेदनों पर ही अनुमन्य होगा।***
- *अभ्यर्थी के अन्य पिछड़ा वर्ग / ई.डब्ल्यू.एस. के प्रमाणपत्र दिनांक 01/07/2022 के बाद के निर्गत ही मान्य होंगे।*
- *जाति प्रमाणपत्र का आनलाइन सत्यापित होना अनिवार्य है। आनलाइन सत्यापित न होने की स्थिति में* ***आरक्षण लाभ देय नहीं होगा।***
- ***राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ियों के अभ्यर्थियों को उपयुक्त प्रमाण पत्र होने पर मेरिट कटआफ में 2 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगा।***
- सभी आरक्षण एवं प्रवेश, राज्य सरकार की नीतियों और विश्वविद्यालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार अनुमन्य होंगे।
- मेरिट कटआफ की समय सीमा समाप्त होने एवं सीट उपलब्धता के आधार पर अग्रिम मेरिट कटआफ जारी किया जायेगा। जिसकी सूचना महाविद्यालय के प्रवेश वेबसाइट पर दी जायेगी।
- **मेरिट कटआफ की समय सीमा के किसी भी दिन और किसी श्रेणी में प्रवेश पूर्ण होने की स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उस श्रेणी में प्रवेश रोक दिया जायेगा तथा आगे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।**
- *प्रवेश के पश्चात्, प्रवेश निरस्तीकरण उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार ही अनुमन्य होगा।*

# विषय चयन प्रारुप

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशित विद्यार्थियों को 02 **मुख्य विषय**, 01 **माइनर इलेक्टिव विषय**, 01 **कौशल विकास पाठ्यक्रम** तथा 01 **सह–पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम** का अध्ययन करना होगा। अर्थात्–

| क्रम संख्या | विषय | संकाय | अध्ययन का समय | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य विषय–1# | स्वयं संकाय* | I,II,III,IV,V,VI सेमेस्टर | सभी सेमेस्टर में अध्ययन अनिवार्य (प्रथम 4 सेमेस्टर में 12 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर) तथा (अन्तिम 2 सेमेस्टर में 20 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर) |
| 2 | मुख्य विषय–2# | स्वयं संकाय* | | |
| 3 | माइनर विषय–3 | स्वयं/उप–संकाय | I/II III/IV सेमेस्टर | एक सेमेस्टर प्रतिवर्ष** (06 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर) |
| 4 | व्यवसायिक या कौशल विकास पाठ्यक्रम | विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित व संचालित*# | I,II,III सेमेस्टर | प्रथम चार सेमेस्टर में अध्ययन अनिवार्य (03 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर) |
| | प्रोजेक्ट | | IV सेमेस्टर | |
| 5 | सह–पाठ्यक्रम | उ0प्र0 प्रशासन द्वारा परिभाषित व संचालित | I,II,III,IV सेमेस्टर | प्रति सेमेस्टर एक (02 क्रेडिट प्रति सेमेस्टर)## |

*विद्यार्थी द्वारा चुना गया संकाय यथा कला, विज्ञान, वाणिज्य।

#बी.काम. के विद्यार्थियों हेतु वाणिज्य के दो पेपर।

** विषम सेमेस्टर (I & III) में बी.ए. एवं बी.काम. तथा सम सेमेस्टर (II & IV) में बी.एससी. विद्यार्थियों को माइनर विषय का अध्ययन अनिवार्य और अपरिवर्तनीय है।

## दो क्रेडिट का पाठ्यक्रम

*# कौशल विकास पाठ्यक्रम या वोकेशनल कोर्स विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त आदेशों के आलोक में संचालित।

## मुख्य विषय (Major Subjects)

1. विद्यार्थी को प्रवेश के समय **कला संकाय**, **विज्ञान संकाय वाणिज्य संकाय** में से एक संकाय का चयन करना होगा। यह संकाय विद्यार्थी का स्वयं संकाय कहलायेगा जिससे दो मुख्य (मेजर) विषयों का चुनाव करना होगा।
2. **कला संकाय** के उप संकाय 1. ***भाषा संकाय*** (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत) तथा 2. ***कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय*** (रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा) है। **कला संकाय** में दो मेजर विषयों का चयन किसी एक उप संकाय या दो उप संकायों से किया जा सकता है।
3. **विज्ञान संकाय** में विषय गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, सांख्यिकी, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान है।
4. **वाणिज्य संकाय** में 6 क्रेडिट के दो पेपर ही दो विषय के रूप में माने जायेंगे।
5. मेजर विषयों का अध्ययन तीन वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक करना अनिवार्य है।

## माइनर विषय (Minor Subjects)

1 स्नातक स्तर पर सभी विद्यार्थियों को माइनर विषय को तृतीय विषय के रुप में लेना होगा जो उसके द्वारा चयन किए गये संकाय या उप संकाय से होगा। यह 6 क्रेडिट का तृतीय विषय होगा। इस विषय के लिये किसी भी pre-requisite की आवश्यकता नहीं होगी।

2 बी.ए., बी.काम.–एडेड व बी.काम.–स्ववित्तपोषित के विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर में माइनर विषय–3 का चयन करना होगा। जबकि बी.एससी. के विद्यार्थियों को द्वितीय सेमेस्टर में माइनर विषय–3 का चयन करना होगा।

***प्रत्येक सैद्धांतिक मेजर एवं माइनर विषय में प्रति सेमेस्टर 6 क्रेडिट का एक पेपर होता है जबकि प्रत्येक प्रयोगिक मेजर एवं माइनर विषय में 4 क्रेडिट का एक पेपर तथा 2 क्रेडिट का एक प्रैक्टिकल होता है। प्रत्येक पेपर तथा प्रैक्टिकल 100 अंकों (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक) का होता है। किसी पेपर/ प्रैक्टिकल के वाह्य परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु 75 अंक में से 25 अंक तथा 100 में से 33 अंक पाना अनिवार्य होता है।***

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के FYUP एवं विश्वविद्यालय नियमावली के अन्तर्गत महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों/सीटों की उपलब्धता के आधार विद्यार्थियों द्वारा विषय समूहों का चयन निम्नानुसार किया जायेगा।**

## स्नातक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मेजर व माइनर विषय चयन प्रारुप

| विषय | बी0काम0 | बी0ए0 | बी0ए0 | बी0ए0 | बी0ए0 | बी0एससी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेजर विषय–1 | वणिज्य संकाय | भाषा संकाय | भाषा संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | विज्ञान संकाय |
| मेजर विषय–2 | वणिज्य संकाय | भाषा संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | भाषा संकाय | विज्ञान संकाय |
| माइनर विषय–3 | वणिज्य संकाय | भाषा संकाय / कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | भाषा संकाय / कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय /भाषा संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय /भाषा संकाय | विज्ञान संकाय |

## संकायवार विषय वर्गीकरण

| A-Faculty of Language (भाषा संकाय) | | B-Faculty of Arts & Humanities (कला एवं मानविकी संकाय) | |
|---|---|---|---|
| i | अंग्रेजी | i | रक्षा एवं सामरिक अध्ययन |
| Ii | हिन्दी | ii | अर्थशास्त्र |
| iii | संस्कृत | iii | भूगोल |
| iv | | iv | इतिहास(मध्यकालीन एवं आधुनिक) |
| v | | v | राजनीति विज्ञान |
| vi | | vi | मनोविज्ञान |
| vii | | vii | सामाजिक विज्ञान |
| viii | | viii | शारीरिक शिक्षा |

| C-Faculty of Science (विज्ञान संकाय) | | D-Faculty of Commerce (वाणिज्य संकाय) | |
|---|---|---|---|
| i | गणित | i | वाणिज्य |
| ii | भौतिक विज्ञान | | |
| iii | रसायन विज्ञान | | |
| iv | संख्यिकी | | |
| v | जन्तु विज्ञान | | |
| vi | वनस्पति विज्ञान | | |

## कौशल विकास पाठ्यक्रम (Vocational/ Skill development Courses)

स्नातक के प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कौशल विकास पाठ्यक्रम को प्रथम 03 सेमेस्टर में अध्ययन करना अनिवार्य रहेगा। यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय आदेश के अनुक्रम में स्वयं विश्वविद्यालय द्वारा या महाविद्यालय द्वारा संचालित किये जाते है। विश्वविद्यालय द्वारा मान्य एवं महाविद्यालय द्वारा संचालित अथवा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रम निम्न हैं।

| क्रम संख्या | कक्षा | महाविद्यालय द्वारा संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | बी0ए0 | School Psychology |
| | | Disaster Management |
| | | Functional English |
| | | Physical Education and Sports |
| | | Srajanatmak Lekhan Hindi |
| 2 | बी0एससी0 | Laboratory Techniques in Chemistry |
| | | Laboratory Techniques in Physics |
| | | Food Processing and Preservation |
| | | Office Automation Using MS Office |
| | | Preservation of Household Cleaning Agent and Disinfectant |
| 3 | बी0काम0 | Office Automation Using MS Office |
| | | Disaster Management |
| | | Investment Management |
| | | Physical Education and Sports |
| **क्रम संख्या** | **कक्षा** | **विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रम** |
| 1 | बी0ए0 | Cyber Security for Arts |
| | | Artificial Intelligence for Arts |
| 2 | बी0एससी0 | Cyber Security for Science |
| | | Artificial Intelligence for Science |
| 3 | बी0काम0 | Cyber Security for Commerce |
| | | Artificial Intelligence for Commerce |

प्रति सेमेस्टर कौशल विकास पाठ्यक्रम 100 अंको (सैद्धांतिक 40 अंक एवं प्रयोगिक 60 अंक) का होता है। इसमें उत्तीर्ण होने हेतु 100 में से 40 अंक पाना अनिवार्य होता है।

## सह-पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम (Co-Curricular Courses)

स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को दो वर्षो (चार सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह-पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम के अध्ययन करना अनिवार्य होगा।

| क्रम संख्या | सेमेस्टर | सह-पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 1 | First Aid and Basic Health |
| 2 | 2 | Human Values and Environment studies |
| 3 | 3 | Physical Education and Yoga |
| 4 | 4 | Social Responsibilities and Community Engagement |

***प्रत्येक सह-पाठ्यक्रम 100 अंको (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक) का होता है। FYUP के अन्तर्गत इन सभी सह- पाठ्यचर्या पाठ्यक्रमों का उत्तीर्ण प्रतिशत मेजर व माइनर के अनुरूप होगा तथा जो सी.जी.पी.ए. की गणना में सम्मलित किया जायेगा।***

# स्नातक द्वितीय वर्ष (तृतीय –चतुर्थ सेमेस्टर)

# हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

## प्रवेश अर्हता एवं विषय चयन

1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, शासन एवं विश्वविद्यालय नियमों के आलोक में स्नातक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश अनुमन्य होगा।

2 केवल उन्हीं छात्रों का प्रवेश सम्भव होगा, जो स्नातक प्रथम वर्ष पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज से उत्तीर्ण या कक्षोन्नति (प्रमोटेड/कैरीओवर) हों।

3 किसी भी दशा में अन्य किसी महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

4 विद्यार्थी के मुख्य विषय (प्रथम वर्ष में चुने गये) यथावत रहेगें।

5 स्नातक द्वितीय वर्ष (तृतीय/चतुर्थ–सेमेस्टर) में माइनर विषय को बदलने का विकल्प रहेगा।

6 स्नातक प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में चयनित कौशल विकास पाठ्यक्रम (वोकेशनल कोर्सेस) को छोड़कर अन्य संचालित कौशल विकास पाठ्यक्रम का चयन तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर में अनुमन्य एवं अनिवार्य होगा।

7 स्नातक तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में शासन द्वारा निर्धारित एक–एक सह विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) का अध्ययन अनिवार्य होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं निर्देश

1 विद्यार्थी को स्नातक तृतीय–चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रु 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए, ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित समयसीमा में प्रवेश लेना होगा।

2 निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर प्राचार्य आदेश के पश्चात विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

**नोटः** स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0काम0(छात्रा) विद्यार्थियों का स्नातक तृतीय–चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश उपरोक्तानुसार पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से होगा।

**नोटः** बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष (तृतीय–चतुर्थ सेमेस्टर) में भी प्रवेश ऑफलाइन माध्यम से होगा। जिस हेतु विद्यार्थी को प्रथम वर्ष उत्तीर्ण या कक्षोन्नति (प्रमोटेड/कैरीओवर) होना अनिवार्य है। बी0सी0ए0 के विद्यार्थियों को प्रवेश के समय केवल स्वयं संकाय के विषय से ही सम्बंधित प्रश्नपत्रों का चयन करना होगा जबकि बी0बी0ए0 के विद्यार्थियों को स्वयं संकाय के विषय से सम्बंधित प्रश्नपत्रों के साथ शासन द्वारा निर्धारित एक–एक सह विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) का चयन अनिवार्य होगा। बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष में प्रवेश पश्चात के विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा दिये गये लागिन एवं पासवर्ड का प्रयोग करके प्रवेश पोर्टल पर व्यक्तिगत, शैक्षणिक विवरण को भरना तथा विषय का चयन करना अनिवार्य होगा। साथ ही आनलाइन फार्म एवं सब्जेक्ट कार्ड के प्रिंट को महाविद्यालय में जमा करना तथा सत्यापित प्रति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

# स्नातक तृतीय वर्ष (पंचम–षष्टम सेमेस्टर) हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

## प्रवेश अर्हता एवं विषय चयन

1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, शासन एवं विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार स्नातक पंचम सेमेस्टर में प्रवेश अनुमन्य होगा।

2 केवल उन्हीं छात्रों का प्रवेश सम्भव होगा जो स्नातक द्वितीय वर्ष पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज से उत्तीर्ण या कक्षोन्नति (प्रमोटेड/कैरीओवर) होंगे।

3 किसी भी दशा में अन्य किसी महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

4 बी0ए0 एवं बी0एससी0 के विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष में चुने गये मुख्य विषयों में से किन्हीं दो विषयों का चयन करना होगा अथवा किसी एक विषय को छोड़ना होगा। प्रत्येक विषय 10 क्रेडिट का होगा। प्रत्येक सैद्धांतिक विषय में दो प्रश्नपत्र 05–05 क्रेडिट के होंगे, जबकि प्रायोगिक विषय में दो प्रश्नपत्र 04–04 क्रेडिट तथा प्रैक्टिकल 02 क्रेडिट का होगा।

5 बी0कॉम0 के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा नियत 05–05 क्रेडिट के चार प्रश्नपत्रों का अध्ययन अनिवार्य होगा।

6 स्नातक पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर में शासन द्वारा निर्धारित एक–एक सह विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) का अध्ययन अनिवार्य होगा।

7 स्नातक तृतीय वर्ष में किसी भी माइनर विषय और कौशल विकास पाठ्यक्रम (वोकेशनल कोर्सेस) का अध्ययन नहीं करना होगा।

8 स्नातक तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों को पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर में प्रोग्रेसिव एक लघु शोध परियोजना / सर्वे / इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग करना अनिवार्य होगा।

9 सह विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) तथा लघु शोध परियोजना क्वालिफाइंग होंगे अर्थात इनके लिए केवल अंक व ग्रेड ही अनुमन्य होंगे। इन दोनों में प्रत्येक 100 अंको (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक) का होगा। इसमें उत्तीर्ण होने हेतु 75 अंक में से 30 अंक तथा 100 में से 40 अंक पाना अनिवार्य होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं निर्देश

1 अभ्यर्थी को स्नातक पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए, ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित समयसीमा में प्रवेश लेना होगा।

2 निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर प्राचार्य आदेश के पश्चात विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

नोटः– स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0काम0(छात्रा) के विद्यार्थियों का प्रवेश स्नातक पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर में पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से उपरोक्तानुसार होगा।

नोटः–बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष (पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर) में भी के प्रवेश ऑफलाइन माध्यम से होगा। जिस हेतु विद्यार्थी को द्वितीय वर्ष में उत्तीर्ण या कक्षोन्नति (प्रमोटेड/कैरीओवर) होना अनिवार्य है। बी0सी0ए0 के विद्यार्थियों को केवल स्वयं संकाय के विषय से ही सम्बंधित पेपरों का चयन करना होगा जबकि बी0बी0ए0 के विद्यार्थियों को स्वयं संकाय के विषय से ही सम्बंधित पेपरों के साथ शासन द्वारा निर्धारित एक–एक सह विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) का चयन अनिवार्य होगा। बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष में प्रवेश पश्चात के विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा दिये गये लागिन एवं पासवर्ड का प्रयोग करके प्रवेश पोर्टल पर व्यक्तिगत, शैक्षणिक विवरण को भरना तथा विषय का चयन करना अनिवार्य होगा। साथ ही आनलाइन फार्म एवं सब्जेक्ट कार्ड के प्रिंट को महाविद्यालय में जमा करना तथा सत्यापित प्रति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

# परास्नातक प्रथम वर्ष (पूर्वार्द्ध)(सप्तम–अष्टम सेमेस्टर) में प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया

एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा जबकि एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (जन्तु विज्ञान) एवं एम0काम0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश पूर्णत: आफलाइन होगा। प्रवेश से सम्बन्धित अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया निम्नवत है।

## प्रवेश हेतु अर्हता

1. अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा विधिमान्य विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. स्नातक में न्यूनतम सी.जी.पी.ए. 4 होना अनिवार्य है।
3. त्रि–वर्षीय बी0ए0 उत्तीर्ण छात्र केवल तृतीय वर्ष के विषय से ही एम0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना के अनुरूप बी0ए0 के विद्यार्थी अपने तृतीय मेजर विषय या अन्य विषय में भी प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। परन्तु ऐसे प्रवेश, विषय की पूर्व अनिवार्यता के आधार पर ही अनुमन्य होंगे। दो वर्ष अध्ययन के पश्चात ही संगत डिग्री/उपाधि हेतु अर्ह होंगे।
4. यदि वार्षिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी भाषा/हिन्दी भाषा विषय स्नातक तृतीय वर्ष में हों तो अभ्यर्थी एम0ए0 अंग्रेजी/हिन्दी में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
5. बी0एस-सी0 उत्तीर्ण छात्र भी एम0ए0 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। परन्तु ऐसे प्रवेश, विषय की पूर्व अनिवार्यता के आधार पर ही अनुमन्य होंगे। जिस हेतु स्नातक में न्यूनतम सी.जी.पी.ए. 4 होना अनिवार्य है। दो वर्ष अध्ययन के पश्चात ही संगत डिग्री/उपाधि हेतु अर्ह होंगे।
6. बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 उत्तीर्ण विद्यार्थी अप्रायोगिक विषयों से एम0ए0 में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। परन्तु ऐसे प्रवेश, विषय की पूर्व अनिवार्यता के आधार पर ही अनुमन्य होंगे। जिस हेतु स्नातक में न्यूनतम सी.जी.पी.ए. 4 होना अनिवार्य है। दो वर्ष अध्ययन के पश्चात ही संगत डिग्री/उपाधि हेतु अर्ह होंगे।
7. एम0एस-सी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश, बी0एस-सी0 तृतीय वर्ष में अध्ययन किये गये विषय में ही अनुमन्य होगा।
8. बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 उत्तीर्ण विद्यार्थी एम0काम0 में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

## प्रवेश हेतु निर्देश

1. प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष–2025 (स्नातक उत्तीर्ण वर्ष) से पूर्व अधिकतम 2 वर्ष का अकादमिक गैप उपयुक्त साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। उक्त की स्थिति में प्रति गैप वर्ष के लिए 0.1 सीजीपीए की कमी के साथ मेरिट कट–आफ में स्थान अनुमन्य होगा।

2. स्नातक के बाद बी0एड0, डी0एलएड0 एवं समकक्षीय परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अकादमिक गैप की श्रेणी में नहीं आयेगें इनके लिए अर्हता वर्ष–2023 होगा।
3. परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विश्वविद्यालय निर्देशों के आलोक में सेमेस्टर प्रणाली पर होगा।
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप परास्नातक पूर्वार्द्ध में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित द्वितीय सेमेस्टर में अन्य संकाय के किसी विषय के एक वैकल्पित पेपर का चयन माइनर विषय के रुप में अनिवार्य होगा। साथ ही साथ परास्नातक पूर्वार्द्ध के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट का प्रोग्रेसिव रिसर्च प्रोजेक्ट वर्क करना अनिवार्य होगा।
5. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) एवं एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) में अभ्यर्थियों का प्रवेश पूर्णतः मेरिट–कटआफ के आधार पर आनलाइन माध्यम से होगा जबकि एम0एससी0 पूर्वार्द्ध (जन्तु विज्ञान) एवं एम0काम0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश पूर्णतः आफलाइन होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया

1 सर्वप्रथम अभ्यर्थी को परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/अथवा https://ppn.rccknp.com) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) करना होगा।
2 पंजीकरण के पश्चात ईमेल पर प्राप्त लॉगिन एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन को दिये गये निर्देशों के आलोक में पूर्ण कर अंतिम रूप से सब्मिट करना होगा।
3 दिये गये मेरिट कट–आफ के अनुसार अभ्यर्थी को अभिलेखों (अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों) के भौतिक सत्यापन हेतु महाविद्यालय के सम्बन्धित विभाग की समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा।
4 भौतिक सत्यापन हेतु अभ्यर्थी अपने सभी मूल दस्तावेज (वि0वि0 पंजीकरण से सम्बन्धित प्रपत्र, हाईस्कूल अंकपत्र और प्रमाणपत्र, इण्टरमीडिएट अंकपत्र और प्रमाणपत्र, तीनों वर्ष के स्नातक अंक पत्र, टी0सी0, सी0सी0, जाति प्रमाणपत्र एवं ई0डब्लू0एस0 प्रमाण पत्र/डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र/स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र/दिव्यांग प्रमाण पत्र/खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, 2–रंगीन फोटो इत्यादि), एवं सभी मूल–दस्तावेजों की एक छायाप्रति/फोटोकापी तथा प्रवेश आवेदन पत्र का प्रिंटआउट अनिवार्य रुप से लेकर आयेंगे।
5 टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति न होने पर, प्राचार्य की अनुमति से अस्थायी प्रवेश शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। प्रवेश समिति द्वारा दिये गये समयअन्तराल में यदि विद्यार्थी द्वारा टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति महाविद्यालय कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा और किसी प्रकार का दावा अनुमन्य नहीं होगा।

6 वर्ष अन्तराल या टी0सी0 एवं सी0सी0 की मूल प्रति न होने पर, अभ्यर्थी को उपयुक्त साक्ष्यों के साथ शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा।

7 भौतिक सत्यापन के पश्चात अभ्यर्थी को विषय चुनाव और शुल्क के भुगतान हेतु एस0एम0एस0 अथवा ईमेल प्राप्त होगा।

8 इसके पश्चात पंजीकरण के लॉगिन व पासवर्ड का उपयोग करते हुए नई शिक्षा नीति-2020 के अनुसार विषय चुनाव व शुल्क भुगतान अभ्यर्थी द्वारा स्वयं ऑनलाइन किया जायेगा।

9 शुल्क भुगतान के पश्चात शुल्क रसीद एवं सब्जेक्ट कार्ड की सत्यापित प्रति महाविद्यालय से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

10 किसी भी दशा में ***दिये गये दिन के मेरिट कट-आफ*** के नीचे प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

# विषय चयन संरचना

| क्रमांक | विषय | सेमेस्टर | पेपर एवं क्रेडिट | कुल क्रेडिट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मुख्य विषयः** एम0ए0/एम0एससी0 पूर्वार्द्ध में प्रवेश हेतु आवेदित विषय | 1 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05-05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर **प्रायोगिक विषयः** 04-04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | 20 |
| | | 2 | **सैद्धान्तिक विषयः** 05-05 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर **प्रायोगिक विषयः** 04-04 क्रेडिट के 04 सैद्धान्तिक पेपर तथा 04 क्रेडिट का प्रायोगिक वर्क / प्रैक्टिकल | 20 |
| 2 | **माइनर विषयः** अन्य संकाय के किसी विषय का एक वैकल्पित पेपर | 2 | अन्य संकाय के किसी विषय का 04 या 05 क्रेडिट एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर | 04/05 |
| 3 | **शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट/सर्वे/इडस्ट्रियल ट्रेनिंग)** | 1<br>2 | प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में 04-04 क्रेडिट की शोध परियोजना, जिसका मूल्यांकन द्वितीय सेमेस्टर में 08 क्रेडिट में किया जायेगा। | 08 |
| | | | **कुल क्रेडिट** | 52/53 |

**नोटः**

1. एम0एससी0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0/एम0काम0 के किसी विषय से एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
2. एम0काम0 पूर्वार्द्ध के छात्र एम0ए0 के किसी विषय से एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
3. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अंग्रेजी, हिन्दी) के छात्र एम0ए0 (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन)/एम0काम0 के किसी विषय से एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
4. एम0ए0 पूर्वार्द्ध (अर्थशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र एवं रक्षा व स्त्रातजिक अध्ययन) के छात्र एम0ए0 (अंग्रेजी, हिन्दी)/एम0काम0 के किसी विषय के एक वैकल्पिक सैद्धान्तिक पेपर का चयन माइनर विषय के रूप में कर सकते हैं।
5. शोध परियोजना (रिसर्च प्रोजेक्ट)/सर्वे/इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग का आवंटन सम्बन्धित विभाग द्वारा किया जायेगा।
6. परास्नातक पूर्वार्द्ध में प्रवेश की सम्भावना मेरिट कटआफ की प्राथमिक तिथियों में अधिकतम होगी।
7. परास्नातक पूर्वार्द्ध के किसी विषय में प्रवेश, सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित आवश्यक शर्तों तथा पात्रता के अधीन होगा।

# परास्नातक द्वितीय वर्ष (उत्तरार्द्ध)(नवम–दशम सेमेस्टर)

# हेतु अर्हता, विषय चयन प्रारूप एवं प्रवेश निर्देश

## प्रवेश अर्हता एवं विषय चयन

1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020, शासन एवं विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार परस्नातक उत्तरार्द्ध (नवम–दशम सेमेस्टर) में प्रवेश अनुमन्य होगा।

2 केवल उन्हीं छात्रों का प्रवेश सम्भव होगा जो परास्नातक पूर्वार्द्ध पी0पी0एन0 महाविद्यालय से उत्तीर्ण या कक्षोन्नति (प्रमोटेड/कैरीओवर) हों।

3 किसी भी दशा में अन्य किसी महाविद्यालय के उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा।

4 परस्नातक उत्तरार्द्ध में विद्यार्थी को मुख्य विषय (परस्नातक पूर्वार्द्ध में चयनित) के साथ नवम–दशम सेमेस्टर में एक प्रोग्रेसिव लघु शोध परियोजना/सर्वे/इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग करना अनिवार्य होगा। कोई भी माइनर विषय या सह–विषय (को–करीकुलर कोर्सेस) का चयन नहीं किया जायेगा।

5 मुख्य विषय 20 क्रेडिट का होगा। सैद्धांतिक मुख्य विषय में चार पेपर 05–05 क्रेडिट के होगे जबकि प्रायोगिक विषय में चार पेपर 04–04 क्रेडिट तथा प्रैक्टिकल 04 क्रेडिट का होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत, विद्यार्थियों को मुख्य विषय के कोर पेपर के साथ ही वैकल्पिक पेपरों का भी चयन करना होगा।

6 मुख्य विषय का प्रत्येक पेपर 100 अंको (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक) का होगा। इसमें उत्तीर्ण होने हेतु 75 अंक में से 25 अंक तथा 100 में से 33 अंक पाना अनिवार्य होगा।

7 लघु शोध परियोजना 08 क्रेडिट का होगा जो विभाग द्वारा आवंटित किया जायेगा। यह 100 अंको (आन्तरिक 25 अंक एवं वाह्य 75 अंक) का होगा। इसमें उत्तीर्ण होने हेतु 75 अंक में से 30 अंक तथा 100 में से 40 अंक पाना अनिवार्य होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं निर्देश

1 अभ्यर्थी को स्नातक नवम एवं दशम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए, ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित समयसीमा में प्रवेश लेना होगा।

2 निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर प्राचार्य आदेश के पश्चात विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

# स्नातक तृतीय वर्ष (वार्षिक) एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध (वार्षिक) में प्रवेश हेतु निर्देश

## स्नातक तृतीय वर्ष

1 पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज के स्नातक द्वितीय वर्ष के उत्तीर्ण विद्यार्थी ही स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु अनुमन्य होगे।

2 बी0ए0 द्वितीय वर्ष में बैक पेपर हेतु अर्ह विद्यार्थी स्नातक तृतीय वर्ष में अस्थाई प्रवेश हेतु अनुमन्य होंगे।

3 स्नातक द्वितीय वर्ष (बी0ए0/बी0एससी0) के तीन विषयों में से किन्हीं दो विषयों का ही चयन स्नातक तृतीय वर्ष में अनुमन्य होगा।

4 बी0कॉम0 तृतीय वर्ष में प्रवेश के समय विद्यार्थी को मार्केटिंग एवं फाइनेंसिंग समूह में से किसी एक विकल्प का चयन करना अनिवार्य होगा।

## परास्नातक उत्तरार्द्ध

1. पी0पी0एन0 महाविद्यालय के परास्नातक पूर्वार्द्ध के उत्तीर्ण विद्यार्थी ही परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।
2. परास्नातक प्रथम वर्ष में बैक पेपर हेतु अर्ह विद्यार्थी परास्नातक द्वितीय वर्ष में अस्थाई प्रवेश हेतु अनुमन्य होंगे।

## प्रवेश प्रक्रिया एवं निर्देश

1 अभ्यर्थी को स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु महाविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350/-) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए, ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित समयसीमा में प्रवेश लेना होगा।

2 निर्धारित तिथि तक प्रवेश न लेने पर प्राचार्य आदेश के पश्चात विलम्ब शुल्क के साथ ही प्रवेश होगा।

*नोटः– स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी0कॉम0(छात्रा), एम0कॉम0 एवं एम0एससी0 (जन्तु विज्ञान) के विद्यार्थियों का प्रवेश स्नातक तृतीय वर्ष/परास्नातक उत्तरार्द्ध में पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से उपरोक्तानुसार होगा।*

# स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अर्हता, निर्देश एवं प्रक्रिया

## प्रवेश हेतु अर्हता एवं निर्देश

1 बी0कॉम0 प्रथम वर्ष (छात्रा) आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2 परास्नातक प्रथम वर्ष (एम0कॉम0 एवं एम0एससी0 जन्तुविज्ञान) में आवदेन करने के लिए अभ्यर्थी को स्नातक परीक्षा उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा विधिमान्य विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही तृतीय वर्ष में आवेदित विषय का होना अनिवार्य है।

3 बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम योग्यता इण्टरमीडिएट/10+2/समतुल्य कक्षा में उत्तरप्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा विधिमान्य संस्था/बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## प्रवेश प्रक्रिया

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी0कॉम0–छात्रा, एम0कॉम0 एवं एम0एससी–जन्तुविज्ञान) में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं अलग से प्रवेश फार्म एवं विवरणिका महाविद्यालय के प्रोफेशनल एवं सेल्फ फाइनेन्स विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। सेल्फ फाइनेन्स विभाग का सम्पर्क सूत्र निम्नवत् है:–

**Department of Professional & Self Financed Courses**

| | |
|---|---|
| स्व वित्तपोषित(कार्यालय) | 7755003400 |
| बी0काम0–छात्रा | 7668436748 |
| बी0सी0ए0 | 8887614459 |
| बी0बी0ए0 | 7839688036 |
| एम0एससी0–जन्तुविज्ञान | 8707620897 |
| एम0काम0 | 9389411159 |

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेशित सभी अभ्यर्थियों को महाविद्यालय द्वारा दिये गये लांगिन एवं पासवर्ड का प्रयोग करके व्यक्तिगत, शैक्षणिक विवरण को भरना तथा विषय का चयन करना अनिवार्य होगा। साथ ही ऑनलाइन फार्म एवं सब्जेक्ट कार्ड के प्रिंट को महाविद्यालय में जमा करना तथा सत्यापित प्रति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के स्नातक द्वितीय वर्ष, स्नातक तृतीय वर्ष (बी.बी.ए., बी.सी.ए. के अतिरिक्त) एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश पूर्णतः ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जाता है। इस हेतु विद्यार्थी महाविद्यालय वेबसाइट के ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://ppncollege.org/how-to-apply/) पर जाकर पंजीकरण (पंजीकरण शुल्क रू 350.00) के पश्चात प्रवेश वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों के आलोक में प्रवेश फार्म भरकर विषय चयन एवं शुल्क भुगतान के पश्चात प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु विगत वर्ष में पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज का छात्र होना अनिवार्य है।

# स्नातक एवं परास्नातक प्रवेश हेतु

# महत्वपूर्ण प्रवेश अनुदेश

- ✓ स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के अभ्यर्थी अपने आनलाइन आवेदन पत्र स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से भरकर पूर्व में उत्तीर्ण की गयी समस्त परीक्षाओं की वांछित अंकतालिकाओं की छायाप्रतियां अपलोड करें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी प्रवेश फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- ✓ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदित फार्म में निर्धारित कालम में अपना वर्ग/जाति स्पष्ट रूप से सावधानी पूर्वक अंकित करें। स्पष्ट रूप से श्रेणी व जाति अंकित न किये हुए फार्म सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे। प्रवेश फार्म में एक बार अंकित आरक्षण श्रेणी किसी भी दशा में परिवर्तित नहीं की जायेगी। शासन की वेबसाईट पर सत्यापन योग्य जाति प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे किसी भी प्रकार की विसंगति में आरक्षण का लाभ देना सम्भव न होगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी यह भी ध्यान रखें कि उनके जाति प्रमाण–पत्र में अंकित श्रेणी/जाति उनके स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (T.C.) में भी अंकित होनी चाहिए।
- ✓ आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी यदि निर्धारित कालम नहीं भरते हैं किन्तु प्रमाण पत्र लगाते हैं या कालम भरते हैं पर प्रमाण पत्र नहीं लगाते हैं तो ऐसे अभ्यर्थी सामान्य वर्ग में माने जायेंगे। प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र आवेदन की प्राप्ति रसीद अपलोड करनी होगी। किसी भी दशा में अभिलेखों के सत्यापन हो जाने के बाद कोई भी प्रमाण–पत्र स्वीकार नहीं होगा।
- ✓ किसी भी दशा में पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थी का जाति प्रमाण–पत्र **01/07/2022** के पूर्व का मान्य नहीं होगा।
- ✓ उपवर्ग श्रेणी के प्रवेशार्थियों को आरक्षण का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित वैध प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
- ✓ ई0डब्लू0एस0 श्रेणी में आरक्षण के लाभ हेतु नवीनतम वैध प्रमाणपत्र अपलोड करना आनिवार्य है।
- ✓ प्रवेश फार्म में यदि किसी तथ्य को छिपाया गया अथवा कोई सूचना गलत पायी गयी अथवा अंक तालिका व अन्य अभिलेख सत्यापन पर गलत पाये गये तो अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी।

- ✓ यदि अभ्यर्थी एक से अधिक संकायों में आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग संकाय में ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने होंगे। एक संकाय के लिए एक प्रवेश फार्म ही मान्य होगा।
- ✓ परास्नातक (एम0ए0/एम0एससी0/एम0काम0) प्रथम वर्ष में केवल वही छात्र अर्ह होंगे जिन्होंने बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम त्रिवर्षीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।
- ✓ प्रवेश समिति की संस्तुति के बाद विषय परिवर्तन सम्भव नहीं है। परास्नातक पूर्वार्द्ध में अलग–अलग विषयों के लिए पृथक ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने होंगे।
- ✓ अनुत्तीर्ण, अनुचित साधन प्रयोग में दण्डित तथा ऐसे विद्यार्थियों को जिन पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही हो चुकी है, प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
- ✓ अभ्यर्थी जो किसी अपराध में दण्डित हो चुके हों या जिन पर किसी प्रकार के अपराधिक मामले दर्ज हों, को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। तथ्य छिपाकर प्रवेश लिये अभ्यर्थी की समुचित जानकारी प्राप्त होने पर उनका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
- ✓ मेरिट कटआफ के प्रायोरिटी डेट आफ एडमीशन के दिन छात्र/छात्रा को अपने द्वारा चयनित विषयों के मिलने की सम्भावना अधिकतम होगी जबकि बाद की तिथियों में कम होगी, साथ ही साथ विषय चुनाव व प्रवेश, शुल्क भुगतान के बाद ही सुनिश्चित होगा।
- ✓ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत वैध प्रमाणपत्र अपलोड करने पर ही शासन एवं विश्वविद्यालय के परिनियमों में निर्धारित मानक के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित का तात्पर्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र/पुत्री/पौत्र/पौत्री से है।
- ✓ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को 11वीं तथा 12वीं कक्षा के वर्षकाल में प्रतिभागियों को शासन के क्रीडा मंत्रालय द्वारा राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर चुने जाने का प्रामण पत्र अपलोड करने पर ही मान्य होंगे। परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता में राज्य/राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 2 प्रतिशत की छूट कटआफ में अनुमन्य होगी।
- ✓ स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अर्हता वर्ष –2025 (इण्टरमीडिएट/स्नातक उत्तीर्ण वर्ष) से अधिकतम दो वर्ष गैप की छूट उपयुक्त साक्ष्यों एवं शपथपत्र के अधीन मेरिट में प्रतिवर्ष 1% अंको की कमी के साथ अनुमन्य होगी।

- ✓ अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय के परिनियम के आधार पर सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) के अन्तर्गत प्रवेश अनुमन्य होगा।
- ✓ स्नातक–द्वितीय/तृतीय, परास्नातक–उत्तरार्द्ध में किसी अन्य महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के छात्रों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
- ✓ प्राचार्य को बिना कोई कारण बताए, किसी भी प्रवेश को निरस्त करने का अधिकार होगा।

## प्रवेश हेतु वांछित प्रपत्र/अभिलेख

मेरिट कट–आफ के अन्तर्गत आने के पश्चात् समस्त अर्ह अभ्यर्थी आवश्यक निम्न प्रपत्रों/अभिलेखों (जो लागू हो) को सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे :–

1. वि.वि. समर्थ पंजीकरण से सम्बन्धित प्रपत्र
2. ए.बी.सी.आईडी. (Academic Bank of Credit: डिजीलाकर से प्राप्त) /अपार आईडी.
3. अंकतालिकाएं एवं प्रमाण–पत्र (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक व अन्य अंकपत्र और प्रमाणपत्र)
4. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रतियाँ तथा छायाप्रतियाँ
5. जाति प्रमाणपत्र – आनलाइन सत्यापित होने योग्य जाति प्रमाण–पत्र
6. ई.डब्लू.एस. प्रमाण पत्र,
7. डिफेन्स डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र,
8. स्वतंत्रता सेनानी डिपेन्डेंट प्रमाण पत्र,
9. दिव्यांग प्रमाण पत्र,
10. खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र,
11. आय प्रमाण–पत्र,
12. दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो।

**विशेष:** टी.सी. एवं सी.सी. की मूल प्रति न होने पर, प्राचार्य की अनुमति से अस्थायी प्रवेश शपथपत्र के अधीन अनुमन्य होगा। प्रवेश समिति द्वारा दिये गये समयअन्तराल में यदि विद्यार्थी द्वारा टी.सी. एवं सी.सी. की मूल प्रति महाविद्यालय कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा और किसी प्रकार का दावा अनुमन्य नहीं होगा। वर्ष अन्तराल या टी. सी. एवं सी.सी. की मूल प्रति न होने पर, अभ्यर्थी को उपयुक्त साक्ष्यों के साथ शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना होगा।

# महत्वपूर्ण नियम एवं निर्देश

1. शासन, शिक्षा निदेशालय एवं छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0 के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक छात्र/छात्राओं की प्रत्येक सत्र में **75** प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। **75** प्रतिशत उपस्थिति पूरा न करने वाले छात्र को मुख्य परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।
2. महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय पत्र के आधार पर ही छात्र/छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय परिसर में अनुशासित वातावरण बनाये रखना अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय–पत्र अपने पास रखना अनिवार्य होगा। प्राचार्य/मुख्य अनुशासक/ अनुशासक मंडल द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा। परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में रु. 100/– अर्थदण्ड जमा किये जाने के बाद डुप्लिकेट परिचय पत्र निर्गत किया जायेगा।
4. पुस्तकालय से स्नातक छात्र/छात्रा को पुस्तकें प्राप्त करने के लिए पुस्तकालय काउण्टर पर परिचय पत्र दिखाकर पुस्तकालय कार्ड बनवाना होगा। परास्नातक छात्र/छात्रा पुस्तकें विभागीय पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। पुस्तकालय कार्ड खो जाने की दशा में छात्र/छात्रा को प्रति कार्ड रु. 100/– अर्थदण्ड जमा करने के पश्चात् ही डुप्लिकेट पुस्तकालय कार्ड प्राप्त हो सकेगा।
5. कॉशन मनी के अतिरिक्त छात्र/छात्रा द्वारा एक बार जमा की गयी कोई भी फीस वापस नहीं लौटायी जायेगी। विज्ञान वर्ग के छात्र/छात्राओं की कॉशनमनी उनके अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण होने के अगले वर्ष 31 मार्च तक देय होगी।
6. महाविद्यालय परिसर में धूम्रपान, पान/गुटखा खाना अथवा किसी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन करना निषेध है।
7. माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसी भी प्रकार की रैगिंग पूरी तरह वर्जित है, दोषी पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
8. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल फोन का अनुचित प्रयोग वर्जित है।
9. महाविद्यालय परिसर में छात्र/छात्राओं द्वारा चार पहिया वाहनों का लाना वर्जित है।
10. महाविद्यालय में कोई विशिष्ट परिधान/वस्त्र निर्धारित नहीं है परन्तु कोई भी प्रथागत परिधान/वस्त्र महाविद्यालय परिसर में अनुमन्य नहीं है। तथापि छात्र/छात्राओं से अपेक्षा है कि वे स्वगरिमा के अनुकूल शालीन परिधान में ही महाविद्यालय परिसर में आयें।
11. सभी छात्र/छात्राएं अपने समय–सारणी के अनुरूप ही महाविद्यालय आयें। परिसर में अनावश्यक रुकने की अनुमति नहीं है।
12. समस्त छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम पालन के लिए बाध्य है।
13. समस्त छात्रों को जारी परिचय पत्र प्रत्येक सत्र में दिये जायेगें, महाविद्यालय छोड़ने पर चरित्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र तभी देय होगा जब छात्र उक्त परिचय पत्र महाविद्यालय कार्यालय में वापस करेगा।
14. स्नातक/परास्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश निरस्त कराने की स्थिति में उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार फीस/शुल्क वापस सम्पूर्ण वित्तीय सत्यापन के बाद देय होगा। प्रवेश निरस्त कराने हेतु विद्यार्थी को प्राचार्य अनुमति के पश्चात ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। अन्य कक्षाओं में किसी प्रकार का फीस/शुल्क वापस देय नहीं होगा।

# महाविद्यालय सुविधाएं एवं विशेषताएं

## क्रीड़ा (शारीरिक शिक्षा)

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शारीरिक शिक्षा के अन्तर्गत खेलकूद शिक्षा की समुचित व्यवस्था के साथ ही स्नातक स्तर पर 'शारीरिक शिक्षा' विषय के रूप में भी महाविद्यालय में उपलब्ध है।

## सुझाव एवं परामर्श प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में छात्रों को रोजगार के अवसर सम्बन्धी सूचनाएं प्रदान करने और कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव एवं परामर्श प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है, जिसमें अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्रों की सहायता एवं परामर्श के लिए सदैव उपलब्ध हैं। साथ ही साथ आवश्यकता के अनुसार मनोवैज्ञानिक/परामर्शदाता आमंत्रित किये जाते हैं।

## कैरियर एवं नियोजन प्रकोष्ठ

समय की मांग और आवश्यकता को देखते हुए महाविद्यालय भी शिक्षा को रोजगारपरक बनाने हेतु कटिबद्ध है। रोजगार के नवीन अवसरों से छात्रों को अवगत कराने एवं उन्हें रोजगार प्रदान करवाने हेतु महाविद्यालय में नियोजन प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। छात्र/छात्राएं निर्धारित शुल्क देकर यहाँ अपना पंजीकरण करा नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा प्रदत्त अवसरों का लाभ उठा सकते/सकती हैं।

## चिकित्सा प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ तीन महत्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए कार्य करता है। (1) छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना (2) आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक स्वस्थ्य उपलब्ध करने (3) समय–समय पर छात्र–छात्राओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण करने।

## एन0 सी0 सी0 (नेशनल कैडेट कोर)

55वीं बटालियन से सम्बद्ध महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की एक यूनिट उपलब्ध है। एन0सी0सी0 में प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्रायें एन0सी0सी0 ऑफिसर डॉ0 दिनेश कुमार यादव से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)

महाविद्यालय में सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एन0 एस0 एस0 की एक इकाई संचालित की जा रही है। एन0 एस0 एस0 में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र/छात्रायें एन0एस0एस0 प्रभारी प्रो0 कृष्ण कुमार से सम्पर्क कर सकते हैं।

## रोवर्स एवं रेंजर्स

शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदित रोवर्स एवं रेंजर्स कार्यक्रम/इकाई का प्रारम्भ वर्ष 2022 से महाविद्यालय में किया जा रहा है। प्रत्येक रोवर्स अथवा रेंजर्स इकाईयों में छात्रों/छात्राओं का पंजीकरण पृथक होगा। इसमें प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र/छात्रा प्रभारी श्री अनिल कुमार सिंह व छात्राएं डा0साक्षी राय से सम्पर्क कर सकते हैं।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय का केन्द्रीय पुस्तकालय कानपुर महानगर के उत्कृष्ट पुस्तकालयों में से एक है। पुस्तकालय में स्नातक, परास्नातक एवं शोध स्तर के लगभग 80,000 पुस्तकें, सन्दर्भ पुस्तकें, शोध जर्नल्स, पत्रिकाएं एवं समाचार पत्र उपलब्ध है। महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों, शोधार्थियों के लिए निःशुल्क इण्टरनेट व्यवस्था उपलब्ध है। महाविद्यालय के प्रत्येक परास्नातक विभाग में विभागीय पुस्तकालय एवं रीडिंग रूम सुविधा उपलब्ध है जहाँ छात्र–छात्राएं अपने खाली समय में बैठकर अध्ययन कर सकते हैं।

## ई–लाईब्रेरी (E-Library)

शिक्षण एवं ज्ञान की आधुनिक एवं नवीनतम आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं/शोधार्थियों हेतु ई–लाईब्रेरी सुविधा उपलब्ध है। इसके अन्तर्गत समस्त छात्र/छात्राओं/शोधार्थियों को न्यूनतम शुल्क पर ऑनलाइन एवं डिजिटल डाटा के रूप में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की पुस्तकें, जर्नल्स एवं अन्य ज्ञानार्जन सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध होगी।

## पूर्व छात्र परिषद (Alumni Association)

महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण किये देश विदेश में अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में समाज को अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे छात्रों द्वारा पूर्व छात्र परिषद (Alumni Association) की स्थापना की गई है जिसकी बैठक प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। परिषद की सदस्यता ग्रहण करने हेतु पूर्व छात्र, अर्हता एवं अन्य विस्तृत विवरण संयोजक प्रो0 आभा सिंह, मनोविज्ञान विभाग से प्राप्त कर सकते है।

## गर्ल्स कामन रूम

महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या को देखते हुए प्राचार्य कक्ष के निकट पूर्ण रूप से सुसज्जित कामन रूम उपलब्ध है जहाँ छात्राएं खाली वादन में बैठ सकती है।

# अन्य प्रकोष्ठ

वर्तमान में महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष के निर्देशन एवं नई शिक्षा नीति–2020 के आलोक में प्राचार्य द्वारा निम्न प्रकोष्ठों का गठन इसीलिये किया गया कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शोध से सम्बन्धित नवीन आयामों से परिचित होने, स्वरोजगार हेतु तैयार होने एवं उनके उन्नयन तथा समाज में उचित ढंग से योगदान हेतु तैयार किया जा सके। इसका बिन्दुवार विवरण निम्नवत हैः–

**1.इनक्यूबेशन और स्टार्ट–अप प्रकोष्ठ**

**(Incubation and Start-up Cell)**

किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए छात्रों के विचारों, नवाचार और स्टार्ट–अप और उद्यमिता के लिए उनकी योग्यता का समर्थन करना आवश्यक है। यह प्रकोष्ठ एक ऐसा कार्य स्थल होगा जहां युवा दिमाग अपने विचारों को अपने हाथों से ‘‘स्वयं करें और सीखें’’ के माध्यम से आकार दे सकते हैं और नवाचार कौशल सीख सकते हैं। युवा छात्रों को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की अपधारणाओं को समझने के लिए नए उपकरणों और संसाधनों के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

**2. अंतर्विषयी और सहयोगी अनुसंधान प्रकोष्ठ**

**(Interdisciplinary and Collaborative Research Cell)**

एक शोधकर्ता के रूप में, संकाय सदस्यों को अक्सर विभिन्न अनुसंधान विधियों, सिद्धांतों और सामग्री क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाता है जिन्हें कई सन्दर्भों में लागू किया जा सकता है। उनका व्यापक प्रशिक्षण उन्हें सभी विषयों में योगदान करने और आगे बढ़ाने की व्यापकता देता है। हम अंतःविषयी और सहयोगी शिक्षा और अनुसंधान में विभागों और संकाय सदस्यों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच स्थापित कर रहे हैं। यह सेल यूजी फाइनल ईयर और पीजी के छात्रों के लिए इंटर एवं इंट्रा फैकल्टी रिसर्च प्रोजेक्ट, औद्योगिक प्रशिक्षण या सर्वेक्षण कार्य को पूरा करने में बेहद उपयोगी होगा, जो अब एनईपी–2020 के तहत अनिवार्य है।

3.अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ

**(Research and Development Cell)**

उच्च शिक्षा के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के लिए अनुसंधान, नवाचार और विकास महत्वपूर्ण पहलू रहें हैं। हमारे देश की सामाजिक चुनौतियों का समाधान, अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास पर जोर देने के साथ ही एक मजबूत और जीवंत उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के द्वारा ही किया जा सकता है। अनुसंधान, नवाचार

और प्रौद्योगिकी विकास का एकीकरण आत्मनिर्भर भारत की नींव है। यह प्रकोष्ठ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम होगा और इससे एनईपी–2020 में अनिवार्य अनुसंधान संस्कृति को उत्प्रेरित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की भी उम्मीद है। इसका उद्देश्य एनईपी–2020 के प्रावधानों के अनुरूप कालेज के भीतर अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित और मजबूत करने के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करना है

महाविद्यालय इसके साथ ही विद्यार्थियों के हित में आई0सी0सी0(POSH), वूमन सेल, कम्पीटेटिव परीक्षा सेल व इन्टेलेक्चुअल प्रापर्टी सेल संचालित कर रही है।

## छात्रवृत्तियाँ

मेधावी तथा गरीब छात्रों के लिए निम्न छात्रवृत्तियाँ है :–

1. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति
2. सी0एस0आई0आर0 छात्रवृत्ति
3. मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना
4. उ0प्र0 सरकार अनुदान
5. इन्सपायर प्रोग्राम के तहत छात्रवृत्ति
6. केन्द्र की अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति

**नोट : क–**

महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों को निर्धारित सीमा के अन्दर पूर्ण शुल्क मुक्ति प्रदान की जाती है। यह सुविधा पूर्व परीक्षा में प्राप्त अंकों तथा अभिभावक के वार्षिक आय के आधार पर प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति हेतु समस्त छात्र/छात्राऐं आवेदन के साथ वर्ष 2024 में जारी आय प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

**ख–**

- सभी छात्र/छात्राओं के आधार कार्ड उनके नाम राष्ट्रीय/निजी/ग्रामीण बैक में खुले खातो सें लिंक होना चाहिए।
- आधार कार्ड में छात्र/छात्रा का नाम उसकी जन्मतिथि तथा पिता/माता/पति का नाम उसके हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार अंकित होना अनिवार्य होगा।
- आधार कार्ड में यदि लिंग (Gender) गलत है तो उसे शुद्ध करा लेना अनिवार्य होगा।
- यदि किसी छात्र/छात्रा का छात्रवृत्ति हेतु आवेदन उपरोक्त कारणों से या बैंक से आधार लिंक न हो पाने के कारण छूट जाता है अथवा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति नहीं हो पाती है तो उसके लिए कालेज उत्तरदायी नहीं होगा।

# महाविद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियां

पी0पी0एन0 (पी0जी0) कालेज अपने स्थापना काल 1959 से ही प्रसिद्ध **विधिवेत्ता एवं शिक्षाविद् स्व0 डा0 देवन्द्र स्वरूप जी** के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा वर्तमान में परम आदरणीय **श्री योगेन्द्र स्वरूप जी, (सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष, बार काउन्सिल उ0प्र0)** के दिशा निर्देशन में विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल किये हुए है, जिसका वर्णन कुछ पन्नों में करना दुरूह कार्य है। इसी को ध्यातव्य रखते हुए विगत कुछ वर्षो की उपलब्धियों को यहां पर रेखांकित करने का संक्षित प्रयास किया गया है।

## शिक्षक उपलब्धियाँ

- डा0 कासिफ इमदाद एवं डा0 सतीश चन्द्र ने सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 617 महाविद्यालयों की जी0आई0एस0 मैपिंग तैयार कर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया है।
- डा0 कासिफ इमदाद ने उ0प्र0 आपदा प्रबन्धन विभाग सेक्सन 17–1 के अन्तर्गत 2022 में सलाहकार नियुक्त होकर सतत अपनी सेवायें दे रहे है। साथ ही डा0 इमदाद उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित स्मार्ट सिटी योजना के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य के रुप में भी कार्य कर रहे है।
- डा0 नीरज वर्मा एवं डा0 कासिफ इमदाद ने राज्य सरकार के लिए सर्पदंश उपचार हेतु एस0ओ0पी0 तैयार की है।
- डा0 सतीश चन्द्र नेशनल चिल्ड्रेन साइंस के अकादमिक कोआर्डिनेटर है।
- वर्ष 2023 में डा0 एस0पी0श्रीवास्तव, डा0 निधी श्रीवास्तव एवं डा0 सुधा अग्रवाल के नाम नया पेटेंट अंकित हुआ है।

## विश्वविद्यालय वार्षिक परीक्षाओं में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थी

विगत वर्षो में महाविद्यालय के विभिन्न विषयों (स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं) के विद्यार्थी अपनी कक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त कर पदकों से अलंकृत होते रहे हैं। इसी क्रम में परास्नातक विद्यार्थियों दिव्या कुशवाहा– भौतिक विज्ञान, शिवांश शुक्ल – मनोविज्ञान, रितिक वर्मा– रसायन विज्ञान ने सत्र 2023–24 में ; अमृता सिंह – अर्थशास्त्र, फातिमा फरहान– जन्तु विज्ञान ने सत्र 2022–23 में ; निहारिका अवस्थी – जन्तु विज्ञान, श्रेया सिंह – भौतिक विज्ञान, गरिमा वर्मा – मनोविज्ञान ने सत्र 2021–22 में ; अपर्णा शुक्ला– मनोविज्ञान, आकांक्षा सिंह– अंग्रेजी तथा प्रज्ञा तिवारी–अर्थशास्त्र ने सत्र 2020–21 में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त किये हैं। फातिमा फरहान– जन्तु विज्ञान ने सत्र 2022–23 में कुलाधिपति कॉस्य पदक प्राप्त किया।

## भौतिक विज्ञान विभाग

विगत 5 वर्षों में असीम अन्सारी, बुसरा परवीन, आद्या शुक्ला, सोनू विश्वकर्मा, नाबिया इकबाल, हर्षिता त्रिवेदी, सौम्या गुप्ता, आयुषी, जैनब, अनुरूद्ध, आदिति कपूर, प्रज्ञा मिश्रा, विनीत मिश्रा, नमन राठौर, अरबिन्द कुमार, दीप्ति यादव इत्यादि विद्यार्थी CSIR NET-JRF/GATE प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण कर देश के प्रतिष्ठित एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों/संगठनों जैसे IIT Roorkee, IIT Madras, IIT Kharagpur, IIT Roper, IIT Kanpur, BHU, APPOLO Hospital Lucknow इत्यादि में अपना योगदान शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में दे रहे हैं। विभाग के कई विद्यार्थियों का चयन पी. जी.टी./टी.जी.टी. प्रवक्ता, सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा, एयरफोर्स, बैंक एवं सिविल सेवा में हुआ है। बेस्ट थीसिस एवं बेस्ट पेपर अवार्ड प्राप्त भौतिक विषय के शोधार्थी डा. चन्द्रेश्वर प्रसाद यादव का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय में हुआ है। परास्नातक पूर्वछात्र यश कुमार गौतम, गत वर्ष में सी.आर.पी.एफ. में असिस्टेंट कमान्डेन्ट के पद पर चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। डा. प्रज्योति सिंह बी.एच.यू. वाराणसी से शोध पूर्ण करने के बाद आयोग द्वारा चयनित होकर उ.प्र. राजकीय महाविद्यालय में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के रूप में सेवा दे रही हैं। परास्नातक भौतिक विज्ञान विषय में लगातार विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक पाने के क्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रेया सिंह ने विगत सत्र 2021–2022 की परीक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विभाग को पुनः गौरवान्वित किया है। विभाग के परास्नातक विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम शिक्षा में उच्च ज्ञानार्जन हेतु उच्चतर संस्थानों जैसे, IIT Kanpur, CST-UP Lucknow, PRL Ahmedabad, IISER Mohali, IASc Bangalore द्वारा संचालित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतू जाने का अवसर प्राप्त कर रहे है। विभाग, विद्यार्थियों के उन्नयन हेतु शैक्षिक भ्रमण आयोजित करता रहता है जिसके अन्तर्गत इस वर्ष स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रायोगिकी में नये आयाम जानने हेतु प्रो० एच०सी०वर्मा के सोपान आश्रम ले गया था साथ ही त्रिदिवसीय कार्यशाला कोलेकियम का भी आयोजन किया था। इस वर्ष दो छात्राओं अन्तमा देवी एवं वन्दना तिवारी का चयन इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सोलर फिजिक्स के कार्यशाला में भी हुआ है।

## गणित विभाग

महाविद्यालय के शिक्षकों के उचित प्रयास एवं महाविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन से गणित के विद्यार्थी डा० आशीष कुमार शुक्ला, डा० अमित गुप्ता, श्री अनिल कुमार, डा०शैलेन्द्र साहू, डा० आशीष ओमर, डा० फरहत अंसारी इत्यादि आयोग द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में पिछले वर्षों से कार्य कर रहे हैं। वर्तमान सत्र 2023 में अनिरूद्ध कुमार शर्मा, पवन कुमार यादव, प्राची गुप्ता एवं फुरकान अहमद ने सीएसआईआर की

नेट/जेआरएफ/GATE परीक्षा उत्तीर्ण किया है जबकि आकाश कुशवाहा, अरविन्द कुमार, सन्देश श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह, ऋशभ शुक्ला, प्रशांत तिवारी, संचिता एवं आयुशी ने JAM परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग व महाविद्यालय के मान में उत्तरोत्तर बृद्धि की है। शिखा त्रिपाठी डी. आर0डी0ओ0 में रिसर्च असोसिएट के पद पर चयनित हुई है। रिया द्विवेदी एवं मृदुल शुक्ला ने अध्ययनरत होते हुए केन्द्रीय विद्यालय में सहायक अध्यापक के रुप में कार्यभार ग्रहण किया। विभाग की ही पूर्व विद्यार्थी डा0 तरन्नुम सिद्‌दीकी तथा डा0 बिन्दु तिवारी महाविद्यालय में ही असिस्टेण्ट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। पूर्व विद्यार्थी प्रो0 शिखा सिंह वर्तमान में आयोग द्वारा चयनित होकर वी0एम0एल0जी0 महाविद्यालय गाजियाबाद में प्राचार्य पद पर कार्यरत है।

## रसायन विज्ञान

इस विभाग के पूर्व छात्र वर्तमान में बहुत से अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर की अकादमिक गतिविधियों/शोध कार्यो तथा राजकीय/निजी संस्थानो में कार्यरत है। विभाग के प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं ने सीएसआईआर की नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की विभिन्न आई0आई0टी0 से एवं अन्य राष्ट्रीय संस्थानो से शोध कार्य करते हुए अपने कैरिअर में उच्चता की स्थिति को प्राप्त किया है।

इसी महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त डॉ0 अनूप कुमार गुप्ता आयोग से चयनित होकर इसी महाविद्यालय में असिस्टेण्ट प्रोफेसर के पद पर अपना योगदान दे रहे हैं। इन्होंने आई0आई0टी0 कानपुर से पीएच0डी0 की उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त आई0आई0टी0 इन्दौर तथा आई0आई0एस0ई0आर0 भोपाल से पोस्ट–डाक्टोरल फेलोशिप भी प्राप्त किये हैं। इसी क्रम में सुनील कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, नीरज मोहन एवं विष्णु कुमार मौर्या का चयन विभिन्न डिग्री कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में हुआ है। इस महाविद्यालय से स्नातक एवं रसायन विज्ञान से परास्नातक की छात्रा अपूर्वा पाण्डेय वर्तमान में भारतीय वन सेवा (IFS) में चयनित होकर डी0एफ0ओ0 पद पर देश की सेवा कर अपना योगदान दे रही हैं।

सौरभ मिश्रा हनीबैल कम्पनी में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं। वर्तमान में अभिषेक मिश्रा स्वीडन में पोस्ट–डाक्टोरल कर रहे है। श्री अनस अन्सारी अमेरिका में व सुश्री अर्चना शुक्ला जर्मनी में पोस्ट–डाक्टोरल फैलोशिप पर शोधरत है। इस विभाग के छात्र पंकज कुमार यादव NISER भुवनेश्वर व आशीष कुमार गुप्ता जयपुर से पोस्ट–डाक्टोरल फैलोशिप पर कार्य कर रहे है। परास्नातक छात्राएं जंजीला, शुभी सचान व दीक्षा वर्तमान में CDRI लखनऊ में शोध कार्य कर रही है। विगत पॉंच वर्षो में परास्नातक छात्राओं कीर्ति धवन एवं शालिनी सिहं को सर्वाधिक अंको के लिए सीएसजेएम विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। परास्नातक छात्र रहे श्री अमन शुक्ला वी0आई0टी0 वेल्लूर में रिसर्च एसोसिएट के पद पर कार्यरत है। परास्नातक छात्र

सौम्या मिश्रा एवं प्रिया श्रीवास्तव द्वारा GATE में सफलता प्राप्त की गई है। सत्र 2023 में बी0एससी0 तृतीय वर्ष के छात्र अनिकेत कुमार गुप्ता, दीपांशु एवं अरहम अली अन्सारी ने रसायन विज्ञान विषय से JAM परीक्षा अच्छे रैंक से उत्तीर्ण की है। रितिक वर्मा ने 2023–24 में CSIR NET-JRF/GATE प्रवेश परीक्षाएं उत्तीर्ण किया है।

## सांख्यिकी विभाग

महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के अन्तर्गत संचालित सांख्यिकी विभाग विश्वविद्यालय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर एक दुर्लभ विभाग है। इस विभाग के पूर्व छात्र सविन्द्र सिंह एव श्रद्धा पाल भारतीय सांख्यिकी सेवा में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं, जबकि डा0 पवन चौहान विभाग के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त कर यू0पी0 कालेज, वाराणसी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। तनीशा सिंह, अंशू साहू, मुकेश पटेल, तन्मय गुप्ता आदि एस0एस0सी0 सी0जी0एल0–2021 परीक्षा उत्तीर्ण कर सांख्यिकी अन्वेशक के रुप में चयनित होकर महाविद्यालय के गौरव में बृद्धि की है। इसके अतिरिक्त अनेकों छात्र प्राइवेट कम्पनियों में डाटा विश्लेषक के रुप में कार्य करते हुए महाविद्यालय का नाम दीप्त कर रहे हैं। यहां के छात्र डा0 प्रशान्त वर्मा एवं डा0 प्रेरणा गौतम क्रमशः इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं आई0 आई0टी0 कानपुर में असिटेण्ट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं साथ ही छात्रा डा0 मुक्ती खेतान आई0सी0एम0आर0 जोधपुर में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं।

## जन्तु विज्ञान विभाग

इस विभाग के कुशल मागदर्शन में परास्नातक की छात्रा एवं शिक्षिका रही डा0 आस्था द्विवेदी नें एम0पी0पी0एस0सी–2020 की परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्तमान में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इसी क्रम में रक्षा गुप्ता, अंशू गुप्ता एवं आशुतोष गुप्ता यू0पी0पी0एस0सी0–2022 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विभिन्न महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सेवायें प्रदान कर रहे हैं। बेबी श्रुति, निधी कृष्ण, प्रिंसीराज, हुमायरा अहमद, अनुपम कुमार, मोहिनी सोनी, अफीफा ष्ाहजाद, समराह, सबा, वैष्णवी एवं अक्षत शुक्ला नें विगत 5 वर्षों में सीएसआईआर नेट/जेआरएफ/गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय छवि का उत्थान किया है। छात्राएं प्रथा भूमिया एवं समराह क्रमशः कैलगरी यूनिवर्सिटी कनाडा तथा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से शोधकार्य में संलग्न हैं। चित्रांस सिन्हा इण्डियन आर्मी (CDS-2023) में लेफ्टीनेन्ट पद पर कार्यरत हैं। मतीशा कुमारी 2022–23, अफीफा सहजाद 2018–19, रक्षा गुप्ता 2019–20, निहारिका अवस्थी 2021–22 को विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्णपदक प्राप्त किया एवं रक्षा गुप्ता को 2017–18 में कुलाधिपति कॉस्य पदक प्राप्त हुआ । साथ ही फातिमा फरहान ने भी सर्वोच्च अंक प्राप्त करने हेतु 2022–23 में स्वर्णपदक एवं कुलाधिपति कॉस्य पदक प्राप्त किया है।

## वनस्पति विज्ञान विभाग

विगत की अनगिनत उपलब्धियों के साथ ही पिछले पाँच वर्षों में इस विभाग की परास्नातक छात्रा रेनू शाक्य, अखण्ड प्रताप सिंह, प्रेरणा शुक्ला, रुकैया अंसारी, हर्षिता शर्मा, मनिका पाल एवं मंतशा सलीम नें क्रमशः 2018, 2020, 2021, 2022 एवं 2023 में सी0एस0आई0आर0 नेट/जेआरएफ/गेट परीक्षा उत्तीर्ण किया है जबकि आयुशी मिश्रा ने ICAR नयी दिल्ली की प्रवेश परीक्षा 2021 में सफलता प्राप्त की है। नेहा अवस्थी एम0एससी0 पूर्वार्द्ध ने IIT JAM परीक्षा उत्तीर्ण की एवं अनन्या तिवारी एम0एससी0 पूर्वार्द्ध ने नेशनल यूथ फेस्ट में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक अर्जित करने लिए परास्नातक छात्रा असफा इमरान ने सत्र 2020 में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। विभाग से अध्ययन किये हुए कई छात्र एवं छात्रायें शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्य करते हुए विभाग एवं महाविद्यालय की गरिमा में उत्तरोत्तर बृद्धि कर रहे हैं।

## हिन्दी विभाग

पल्लवी मिश्रा, डा0 प्राची, डा0 निधि अग्रवाल, कृष्ण कुमार पाल एवं अशोक कुमार वर्मा आयोग द्वारा चयनित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में असिस्टेन्ट प्रोफेसर के रूप में कार्य कर रहे हैं। विजय बर्मा, बेसिक शिक्षा में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं जबकि शिवम खरे, प्रोबेशनरी अधिकारी स्टेट बैंक में चयनित होकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। विगत 5 वर्षों में 22 छात्रों ने यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जबकि 2 छात्र सत्यम कुमार यादव एवं आदर्श शर्मा पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शोध कार्य कर रहे हैं। परास्नातक की छात्रा मुदिता मिश्रा को राष्ट्रीय युवा महोत्वसव 2021 नई दिल्ली में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर प्राप्त किया जिसकी मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा भी सराहना की गई। मृदुला शाक्य रेलवे में, गीरीश चंद्र शुक्ला सहायक अध्यापक, शालिनी यादव समाज कल्याण अधिकारी, उत्कर्श जौहरी हाईकोर्ट प्रयागराज एवं प्रियंका गौतम सहायक अध्यापक पद पर चयनित होकर विभाग को गौरवान्वित किया है। साथ ही शिवम तिवारी बी0एच0यू0 एवं अनुपमा पाण्डेय झांसी विश्वविद्यालय से वर्तमान में शोधरत हैं।

## समाजशास्त्र विभाग

मनीष कुमार सिंह असिस्टेण्ट प्रोफेसर सी0एम0पी0 कालेज प्रयागराज, शालिनी धुसिया असिस्टण्ट प्रोफेसर, एन0 ए0 के0 पी0 महाविद्यालय फर्रुखाबाद, सुखवेन्द्र कुमार प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज में आयोग एवं विश्वविद्यालय द्वारा चयनित होकर कार्य कर रहे हैं। विगत 6 वर्षों के अन्तर्गत सत्र 2017 में अर्चना मिश्रा, राजश्री शुक्ला, प्रीती जायसवाल, अंजली यादव तथा सत्र 2018 में सुष्मिता सिंह, सचिन राठौर, शालिनी धूसिया, सुखवेन्द्र कुमार, सुकर्णा कटियार, वन्दनी

शर्मा एवं सत्र 2022 में वर्तिका सिंह ने यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अभी हाल ही में इस विभाग की छात्रा राजश्री शुक्ला को आई0आई0टी0 कानपुर एवं सुष्मिता सिंह को जे0एन0यू0 नई दिल्ली में शोध का अवसर मिला है।

## मनोविज्ञान विभाग

शशिधर गुप्ता बिहार सेवा आयोग से चयनित होकर वर्तमान में एस0एन0 सिन्हा कालेज, जहानाबाद बिहार में अपना योगदान दे रहे हैं। पिंकी गौतम, दीपांजली यादव, आयुश सोनकर, प्रियदर्शिनी एवं निकिता नन्दा ने विगत पाँच वर्षों में यू0जी0सी0 नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, आई0 आई0टी0 कानपुर एवं अन्य संस्थानों से मनोविज्ञान विषय में पीएच0डी0 कर रहे हैं। साथ ही सत्र 2021 में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग से चयनित होकर सोनीधापा खंडेलवाल इण्टर कालेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं एवं शोध भी कर रही है। इसी प्रकार गरिमा वर्मा भी यू0जी0सी0 नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही सत्र 2021–2022 की परास्नातक परीक्षा में सर्वोच्च अंक अर्जित करने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। परास्नातक स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा 2019 से लगातार पदक प्राप्त कर विभाग व महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस विभाग से सत्र 2024 में दो विद्यार्थियों ने पी0एचडी0 उपाधि प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के उन्नयन हेतु विभाग मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम भी संचालित करता रहता है।

## भूगोल विभाग

विगत 5 वर्षों के अन्तर्गत सत्र 2019 में राजू विश्वकर्मा, अमित मिश्र, शशांक द्विवेदी, कुमारी रश्मि, सौरभ कुमार, शशांक त्रिवेदी, अपर्णा श्रीवास्तव तथा सत्र 2020 में मु0 आसिफ एवं सत्र 2023 में जीसान खान, जयन्ती कठेरिया, मानसी गुप्ता, अंशिका एवं शैलेन्द्र कुमार यादव ने यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। रत्नेश शुक्ला अपनी योग्यता को साबित करते हुए असिस्टेण्ट प्रोफेसर (भूगोल) के पद पर के0वी0बी0एस0 विश्वविद्यालय आरा, बिहार तथा अर्जुन सिंह, आकांक्षा द्विवेदी, गजेन्द्र यादव, कुशल दिक्षित एवं अंकुर द्विवेदी पी0जी0टी0, टी0जी0टी0, सी0टी0ई0टी0 एवं डायट में चयनित होकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। इसके साथ, छात्र अतुल तिवारी रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर हाल में ही चयनित होकर सेवायें प्रदान कर रहे हैं। शोध छात्र डा0 दुर्गेश सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल आफ बेसिक साइन्सेस, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में सत्र 2022–23 में चयनित हुए हैं।

## अंग्रेजी विभाग

विगत 5 वर्षों में इस विभाग की आकांक्षा सिंह, कु0 देवप्रिया दास, शिवानी शैलजा ने विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक अर्जित करने

हेतु स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। आकांक्षा सिंह, कु0 देवप्रिया दास, शिवानी शैलजा, सबेनूर, आशिया अंसारी, शिवानी श्रीवास्तव, मो0 आमिल, जाह्नवी सिंह एवं दीक्षा अवस्थी विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों (बी0एस0यू0, सी0एस0जे0एम0यू0 इत्यादि) से पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर शोधकार्य में संलग्न हैं। साथ ही आकांक्षा सिंह, शिवानी शैलजा, आशिया अंसारी एवं सजल आरिफ ने यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की है। इसी विभाग की छात्रा दीपिका सिंह, सब–इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर उत्तर प्रदेश में सेवारत हैं जबकि नव्या केशीवर–इंडियन एयरलाइंस एवं दीर्घा मिश्रा पोस्ट आफिस में कार्यरत हैं।

## अर्थशास्त्र विभाग

विगत 5 वर्षों के अन्तर्गत इस विभाग की परास्नातक विद्यार्थी सुप्रिया वर्मा ने 2021, दीक्षा श्रीवास्तव, रुपल अग्रवाल, प्रद्युम्न गुप्ता, रूपल शर्मा, प्रज्ञा तिवारी ने 2022 एवं अमृता सिंह तथा विभोर मिश्रा ने 2023 में यू0जी0सी0 नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इसी के साथ सत्र 2020–21 में परास्नातक छात्रा प्रज्ञा तिवारी तथा सत्र 2022–23 में अमृता सिंह ने विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने हेतु स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस विभाग में 13 विद्यार्थी वर्तमान में शोध कार्य कर रहे है जबकि अभी हाल में ही अपर्णा श्रीवास्तव, मनीशा शुक्ला एवं मीरा यादव को उत्कृष्ट शोध के आधार पर पीएच0डी0 उपाधि अवार्ड की गयी है। इस विषय के कई विद्यार्थी आयोग द्वारा असिस्टेण्ट प्रोफेसर, प्रवक्ता एवं प्रधानाध्यापक के पद पर पद पर चयनित होकर उ0प्र0 के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में अपना योगदान दे रहे हैं।

## शारीरिक शिक्षा विभाग

विगत पाँच वर्षों में अभय सिंह, स्वाती सिंह, कृष्ण कान्त, मंगेश कुमार यादव एवं साल्वी कटियार ने यू0जी0सी0 नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग की गरिमा को आगे बढ़ाया है। स्वाती सिंह, साल्वी कटियार एवं अभय सिंह वर्तमान में केन्द्र/प्रदेश के विद्यालयों में सह–अध्यापक शारीरिक शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय की महिला बास्केटबाल, चेस एवं टेबल टेनिस टीम ने विगत वर्षों में विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों सुन्दरम दीक्षित, देवांश स्वरूप, हर्षिता सिंह, विधि, स्वप्निल भारतिया, आरम्भी शुक्ला, अभिषेक यादव, सृष्टि तिवारी, वैभव सिंह, ध्रुव कौशल, सौम्य सिंह एवं रौनक पुरी को विभिन्न खेलों

(बाक्सिंग, क्रिकेट, कराटे, बास्केटबाल) के लिए अन्तर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं हेतु चयनित किया गया है।

## राजनीति विज्ञान विभाग

विगत वर्षों में इस विभाग के छात्र गौरव मिश्रा, 2021 में लोकसेवा आयोग से चयनित होकर गवर्नमेंट पी0जी0 कॉलेज हमीरपुर में असिस्टेण्ट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पूनम अहेरवार, सौरभ पाण्डेय तथा आमिर खान यूजीसी नेट/जे0आर0एफ0 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर शोधकार्य में संलग्न हैं। सत्र 2023 में कुलदीप यादव एवं विवेक द्विवेदी ने यूजीसी नेट/जे0आर0एफ0 परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग की गरिमा को आगे बढ़ाया है। छात्र यश पाण्डेय का चयन ए0आर0ओ0 इलाहाबाद उच्च–न्यायालय में हुआ है।

## रक्षा एवं स्त्रातजिक विज्ञान

एकता सक्सेना पी0सी0एस0(जे) परीक्षा उत्तीर्ण कर मजिस्ट्रेट (न्यायिक) के पद पर चयनित होकर झारखण्ड में सेवारत है। प्रवीण बाजपेई, बेसिक शिक्षा में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं जबकि प्रभात बाजपेई, आशुतोष दुबे, गोपाल सिंह एवं शुभांषु शुक्ला एयरफोर्स/थल सेना/यू0पी0पी0 में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं।

## संस्कृत विभाग

इस विभाग की छात्रा प्रियंका यादव एवं संदीप कुमार इण्टर कालेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत है और छात्रा प्रियंका यादव ने 2019 में यूजीसी–नेट/जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय एवं विभाग के गौरव में वृद्धि की है।

## वाणिज्य संकाय

इस विभाग की अल्का त्रिपाठी, कु0 यशा श्रीवास्तव, विवेक कुमार, सृष्टि कटियार आदि विद्यार्थियों ने यूजीसी–नेट/जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा छात्रा सृष्टि कटियार उच्च शिक्षा आयोग द्वारा चयनित होकर इसी महाविद्यालय में असिस्टेण्ट प्रोफेसर के पद पर अपना योगदान दे रही हैं। इसके अतिरिक्त बहुसंख्य छात्र–छात्राओं ने सी0एम0ए0, सी0ए0, सी0एस0, बैंक एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर विभिन्न सरकारी, सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

## बी०सी०ए०

विगत वर्षो में महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा त्रिपाठी, शुभान्शी गुप्ता, सुधी दीक्षित, स्तुति शुक्ला, शिवानी सिंह, हिमांशी तिवारी आदि ने आर. एच.डी.एल., दिव्याशु अवस्थी आर०एस०पी०एल०, आस्था पारस ने एक्सेंचर में और अंशिका दीक्षित, रिशंक मिश्रा, श्रुति अग्रवाल और विनीत शर्मा आदि ने टी०सी०एस० में रोजगार प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त अनेकों छात्र/छात्राओं ने या तो स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ किया या देश के विभिन्न संस्थानों में उच्चतर शिक्षा ग्रहण कर रहे है। अन्य छात्र/छात्राएं डिजिटल मार्केटिंग, वेबसाइट डेवलपमेन्ट, नेटवर्किंग, मोबाइल एप डेवलपमेन्ट, आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स, नेटवर्किंग सिक्योरिटी, ऑपरेटिंग सिस्टम्स, इत्यादि क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं।

## बी०बी०ए०

विगत 5 वर्षो में बी०बी०ए० विभाग के अभिशेक यादव (गोदरेज), निशान्त गुल्हारे (टी०सी०एस०), अलश तिवारी (टी०सी०एस०), विद्यार्थियों का सम्मानित कम्पनियों में चयन हुआ है। प्रखरराज आई०आई०एम० इन्दौर–2020 में, ज्योत्सना खखोलिया आई०आई०एम० अहमदाबाद–2023 में और लतिका लालवानी आई०आई०एम० रोहतक–2023 में चयनित होकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है।

## बी०टी०सी०/डी०एल०एड० विभाग

वर्ष 2014 से संचालित डी०एल०एड० विभाग में अब तक प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 80 प्रशिक्षु सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 02 प्रशिक्षु पुलिस विभाग एवं 02 रक्षा विभाग में कार्यरत हैं। लगभग सभी प्रशिक्षुओं ने TET एवं CTET परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

## यूजीसी–नेट/जेआरएफ/सीएसआईआर

कोरोना संक्रमण काल के बाद भी यहां के विभिन्न विषयों के लगभग 03 दर्जन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के कुशल निर्देशन एवं प्रेरणा से UGC-NET, JRF, CSIR की परीक्षाओं एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा में सफल होकर अपना शोध कार्य कर रहे हैं।

## विभिन्न अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले विद्यार्थी

विभिन्न विषयों एवं कक्षाओं के विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा विभाग, कर्मचारी चयन आयोग, बैकिंग सेवा एवं वायुसेना में प्रतिवर्ष चयनित होकर देश एवं समाज में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं।

# वार्षिक शुल्क

## वार्षिक (सेमेस्टर पद्धति) शुल्क का विवरण 2025–26

| Course Name | Base Fee | |
|---|---|---|
| | Boys | Girls |
| B.A. I & II Sem | 3259.00 | 3127.00 |
| B.A. III & IV Sem | 3059.00 | 2927.00 |
| B.A. V & VI Sem | 4059.00 | 3927.00 |
| B.Com. I & II Sem | 3259.00 | 3127.00 |
| B.Com. III & IV Sem | 3059.00 | 2927.00 |
| B.Com. V & VI Sem | 4059.00 | 3927.00 |
| B.Sc. I & II Sem | 3289.00 | 3157.00 |
| B.Sc. III & IV Sem | 3059.00 | 2927.00 |
| B.Sc. V & VI Sem | 4059.00 | 3927.00 |
| M.A. I & II Sem | 3387.00 | 3207.00 |
| M.A. III & IV Sem | 4287.00 | 4107.00 |
| M.Sc. I & II Sem | 3437.00 | 3257.00 |
| M.Sc. III & IV Sem | 4527.00 | 4347.00 |

नोटः–

1. शासन के आदेशानुसार छात्राएं शिक्षण शुल्क से मुक्त है।
2. शासन/विश्वविद्यालय के आदेशानुसार यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु, कोई शुल्क निर्धारित किया जाता है अथवा वार्षिक परीक्षा शुल्क में वृद्धि की जाती है तो वह छात्र/छात्रा द्वारा उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त देय होगा।
3. **स्नातक प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों को उपर्युक्त शुल्क के अतिरिक्त कौशल विकास पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य शिक्षण शुल्क रू0 500.00 तथा शासनद्वारा प्रायोगिक विषय हेतु अनुमन्य शुल्क रू0 120.00 प्रति सेमेस्टर देय होगा।**
4. **अतिरिक्त नोटः–**

| | | |
|---|---|---|
| Note-1 | **College Practical Fee per semester per subject will be extra.** | **120.00** |
| Note-2 | **Extra Charge for University Pratical/Viva Fee per Semester if opt atleast 01 Practical subject** | **100.00** |

## वार्षिक (वार्षिक पद्धति) शुल्क का विवरण 2025–26

| Course Name | Annual Fee | |
|---|---|---|
| | Boys | Girls |
| B.A. III Yr. (One Practical) | 3334.00 | 3202.00 |
| B.A. III Yr. (Two Practical) | 3574.00 | 3442.00 |
| B.Com. III Yr. | 3094.00 | 2962.00 |
| B.Sc. III Yr. (One Practical) | 3334.00 | 3202.00 |
| B.Sc. III Yr. (Two Practical) | 3574.00 | 3442.00 |
| M.A. Final. (Non Practical) | 3452.00 | 3272.00 |
| M.A. Final (Practical) | 3542.00 | 3362.00 |
| M.Sc. Final | 3542.00 | 3362.00 |

नोटः– शासन के आदेशानुसार छात्राएं शिक्षण शुल्क से मुक्त है।

# प्रवेश समितियाँ

**अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति : श्री योगेन्द्र स्वरूप**

**प्राचार्य : प्रो0 अनूप कुमार सिंह**

**मुख्य अनुशासक : डॉ. धनंजय सिंह**

**प्रवेश प्रभारी : डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय**

**प्रवेश समितियाँ : सत्र 2025–26**

समय : प्रातः 10:30 से अपरान्ह 3:00 तक

## (कला संकाय)

| कक्षा | प्रवेश समिति के सदस्यों के नाम |
|---|---|
| | **(कला संकाय समूह)** |
| बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | 1. प्रो0 वन्दना द्विवेदी (संयोजक)<br>2. डॉ. अनुज कुमार मिश्र<br>3. डॉ. ललित मौर्य<br>4. श्री दिनेश कुमार यादव<br>5. श्री गिरीश वर्मा (तकनीकी सहायक) |
| | **(विज्ञान संकाय–गणित समूह)** |
| बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. अनीता राय (संयोजक)<br>2. डॉ. साक्षी राय<br>3. श्रीमती बिन्दू<br>4. श्री अरूण कश्यप (**तकनीकी सहायक**) |
| | **(विज्ञान संकाय–बायो समूह)** |
| बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. निधी श्रीवास्तव (संयोजक)<br>2. श्री अनिल कुमार सिंह<br>3. डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह<br>4. श्री अनिल निगम (**तकनीकी सहायक**) |
| | **(वाणिज्य संकाय)** |
| बी. काम. प्रथम सेमेस्टर | 1. डॉ. मोनल सिंह (संयोजक)<br>2. डॉ. राजेश कुमार त्रिवेदी<br>3. डॉ. श्रृष्टि कटियार<br>4. डा0 धर्मेन्द्र कुमार<br>5. श्री सत्येन्द्र शंकर शुक्ला (**तकनीकी सहायक**) |

**नोट :** 1. एम0ए0, एम0एस–सी0, एम0काम पूर्वार्द्ध की प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित विभाग में सम्पन्न होगी।

**नोट : 2.** स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं परास्नातक उत्तरार्द्ध में प्रवेश हेतु विवरण वेबसाइट पर देखें।

# प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| **स्नातक प्रथम वर्ष – वित्तपोषित ( बी0ए, बी0एससी0, बी0काम0)** | |
| आनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 15 मई 2025 |
| मेरिट कटआफ निर्गत होने की तिथि | 17 मई 2025 |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि | 19 मई 2025 |
| प्रवेश समय | 10:30 से 3:00 बजे |
| आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि | 30 जून 2025 |
| प्रवेश की अन्तिम तिथि | 30 जून 2025 |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम विस्तारित तिथि (केवल सीट रिक्त होने की स्थिति में) | 31 जुलाई 2025 |
| आई डी कार्ड वितरण | 01–05 जुलाई 2025 |
| कक्षा प्रारम्भ तिथि | 01जुलाई 2025 |
| **स्नातक प्रथम वर्ष – स्ववित्तपोषित (बी0काम0–छात्रा, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0)** | |
| आवेदन एवं प्रवेश प्रारम्भ होने की तिथि | 15 मई 2025 |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम तिथि | 30 जून 2025 |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम विस्तारित तिथि (केवल सीट रिक्त होने की स्थिति में) | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित |
| **परास्नातक प्रथम वर्ष (एम0ए0, एम0एससी0, एम0काम0)** | |
| आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | स्नातक सेमेस्टर 06 का परिणाम घोषित होने के उपरान्त निर्धारित |
| मेरिट कटआफ निर्गत होने की तिथि | |
| प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि | |
| आवेदन की अन्तिम तिथि | |
| प्रवेश की अन्तिम तिथि | |
| **स्नातक, परास्नातक द्वितीय/तृतीय वर्ष ( बी0ए, बी0एससी0, बी0काम0, एम0ए0, एम0एससी0, एम0काम0) ( बी0काम0–छात्रा, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0)** | |
| आवेदन एवं प्रवेश प्रारम्भ होने की तिथि | संगत सम सेमेस्टर का परिणाम घोषित होने के उपरान्त निर्धारित |
| आवेदन एवं प्रवेश की अन्तिम तिथि | |
| **हेल्पलाइन नम्बर** | |
| वित्तपोषित (कार्यालय) | 8707538344, 9984694499 |
| स्व वित्तपोषित(कार्यालय) | 7755003400 |
| बी0काम0–छात्रा | 7668436748 |
| बी0सी0ए0 | 8887614459 |
| बी0बी0ए0 | 7839688036 |
| एम0एससी0–जन्तुविज्ञान | 8707620897 |
| एम0काम0 | 9389411159 |

# सम्पर्क सूत्र


## पं0 पृथी नाथ (पी0जी0) कालेज

96/12, महात्मा गांधी मार्ग, कानपुर

फोन : **8707538344**

ppncollegekanpur@gmail.com

www.ppncollege.org